

इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, गंभीर समस्या है नशीली दवाइयों का व्यसन व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।
www.amritvichar.com



लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित


ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष द्वितीया विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष 5, अंक 217, पृष्ठ 14+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

बरेली, रविवार, 23 जून 2024

प्रभास की फिल्म कल्कि का नया ट्रेलर रिलीज..14

**आज का मौसम** 39.0° अधिकतम तापमान | 28.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में हल्के बादल छाए रहेंगे | सूर्योदय 05:15 | सूर्यास्त 19:05












जीएसटी काउंसिल की 53वीं बैठक में शनिवार को लिए गए कई महत्वपूर्ण फैसले, कई राज्यों के वित्तमंत्री भी उपस्थित रहे

# रेलवे प्लेटफार्म टिकट, रिटायरिंग रूम की सुविधा अब जीएसटी से मुक्त

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में हुई जीएसटी काउंसिल की 53वीं बैठक में शनिवार को कई अहम फैसले लिए गए। बैठक के बाद सीतारमण ने कहा कि सभी सोलर कुकरों पर 12 प्रतिशत जीएसटी लगाने का निर्णय लिया गया है। सभी दूध के डिब्बों पर 12 प्रतिशत की एक समान दर निर्धारित करने की सिफारिश की गई है। सीतारमण ने कहा कि रेलवे द्वारा आम आदमी को दी जाने वाली सेवाएं, प्लेटफार्म टिकटों की बिक्री, रिटायरिंग रूम सुविधा, वेटिंग रूम, क्लॉक रूम सेवाएं, बैटरी चालित कार सेवाओं को जीएसटी से छूट दी जा रही है। अंतर-रेलवे आपूर्ति को भी छूट दी गई है। शैक्षणिक संस्थानों के बाहर छात्रों के लिए छात्रावासों को भी छूट दी जा रही है। परिषद ने प्रति व्यक्ति प्रति माह 20,000 रुपये तक की आपूर्ति मूल्य वाली आवास सेवाओं को छूट देने की सिफारिश की है। ये सेवाएं न्यूनतम 90 दिनों की निरंतर अवधि के लिए दी जाती हैं। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय स्तर पर बायोमेट्रिक आधारित आधार प्रमाणीकरण की शुरुआत की जाएगी। इससे फर्जी चालान के जरिए किए गए धोखाधड़ी वाले इनपुट टैक्स क्रेडिट दावों से निपटने में मदद मिलेगी। परिषद ने सभी कार्टन बॉक्स और पेपर बोर्ड के मामलों पर 12 प्रतिशत की एक समान जीएसटी दर निर्धारित करने की भी सिफारिश की है। मोदी 3.0 सरकार की जीएसटी काउंसिल की इस पहली बैठक में कई राज्यों के वित्तमंत्री भी उपस्थित रहे।



- सोलर कुकर और दूध के डिब्बों पर एक समान 12% की दर तय

## डिमांड नोटिस पर ब्याज व जुर्माना माफ कर व्यापारियों को राहत देने की तैयारी

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने व्यापारियों, एमएसएमई और करदाताओं को राहत देते हुए धोखाधड़ी, दमन या गलत बयानी से जुड़े मामलों सहित जीएसटी अधिनियम की धारा 73 के तहत जारी किए गए डिमांड नोटिस के लिए ब्याज और जुर्माना माफ करने की सिफारिश की है। सीतारमण ने कहा वित्तीय वर्ष 2017-18, 2018-19 और 2019-20 के लिए जो नोटिस जारी किए गए थे, परिषद ने उन पर ब्याज और जुर्माना माफ करने की सिफारिश की है। सीतारमण ने कहा सरकारी मुकदमेबाजी को कम करने के लिए परिषद ने विभाग द्वारा अपील दायर करने के लिए जीएसटी अपीलीय न्यायाधिकरण के लिए 20 लाख रुपये, हाईकोर्ट के लिए एक करोड़ और सुप्रीम कोर्ट के लिए 2 करोड़ रुपये की मौद्रिक सीमा की सिफारिश की है। परिषद ने यह भी सिफारिश की है कि अपीलीय प्राधिकारी के समक्ष अपील दायर करने के लिए पूर्व-जमा की अधिकतम राशि 25 करोड़ रुपये सीजीएसटी और एसजीएसटी से घटाकर 20 करोड़ सीजीएसटी और एसजीएसटी कर दी जाएगी।

## पेट्रोल व डीजल को भी दायरे में लाने की तैयारी

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि केंद्र की मंशा हमेशा से पेट्रोल और डीजल को जीएसटी के दायरे में लाने की रही है और अब राज्यों को एक साथ आकर इसकी दर तय करनी है। सीतारमण ने कहा जीएसटी को जब एक जुलाई, 2017 को लागू किया गया था, तब यह फैसला किया गया कि कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, पेट्रोल, डीजल और विमान ईंधन पर जीएसटी कानून के तहत बाद में कर लगाया जाएगा।

# परीक्षा प्रक्रिया में सुधार के लिए सात सदस्यीय कमेटी गठित

## एनटीए पर सिफारिश के लिए कमेटी के अध्यक्ष बने इसरो के पूर्व प्रमुख राधाकृष्णन

**सकारात्मक पहल**

- डेटा सुरक्षा व एनटीए की कार्यप्रणाली को लेकर दो महीने में केंद्र को सौंपनी होगी रिपोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

नीट विवाद को लेकर आलोचना का सामना कर रहे केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की कार्य प्रणाली को पारदर्शी, आसान और न्यायपूर्ण परीक्षा कार्यान्वयन की गारंटी के लिए इसरो के पूर्व अध्यक्ष डॉ. के. राधाकृष्णन की अध्यक्षता में सात सदस्यीय विशेषज्ञों की एक समिति का गठन किया है। समिति परीक्षा प्रक्रिया के तंत्र में सुधार, डेटा सुरक्षा प्रोटोकॉल में सुधार और एनटीए की संरचना एवं कार्यप्रणाली को लेकर दो महीने में मंत्रालय को रिपोर्ट सौंपेगी।

राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) और यूजीसी-नेट की परीक्षा में अनियमितताओं को लेकर बहस छिड़ी हुई है। सरकार ने कहा है कि वह विद्यार्थियों के हित से खिलवाड़ नहीं होने नहीं देगी। इसी संदर्भ में इस समिति का गठन किया गया है। मंत्रालय के मुताबिक समिति को संपूर्ण परीक्षा प्रक्रिया का विश्लेषण करना और प्रणाली की दक्षता में सुधार करने तथा संभावित उल्लंघन को रोकने के लिए उपाय सुझाने और एनटीए की मानक संचालन प्रक्रियाओं (एसओपी), प्रोटोकॉल की गहन समीक्षा करना तथा प्रत्येक स्तर पर अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए निगरानी तंत्र के साथ-साथ इन प्रक्रियाओं/प्रोटोकॉल को मजबूत करने के उपाय सुझाने का काम सौंपा गया है। वहीं, डेटा सुरक्षा प्रोटोकॉल में सुधार के संदर्भ में एनटीए की मौजूदा डेटा सुरक्षा प्रक्रियाओं और प्रोटोकॉल का मूल्यांकन करने तथा इसके सुधार के लिए उपाय सुझाने और विभिन्न परीक्षाओं के लिए पेपर-सेटिंग और अन्य प्रक्रियाओं से संबंधित मौजूदा सुरक्षा प्रोटोकॉल की जांच करने तथा सिस्टम की मजबूती बढ़ाने के लिए सिफारिशें करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।



### एनटीए महानिदेशक को पद से हटाया गया

**नई दिल्ली।** प्रतियोगी परीक्षाओं नीट और यूजीसी-नेट में अनियमितताओं को लेकर बड़े पैमाने पर उठे विवाद के बीच एनटीए के महानिदेशक सुबोध सिंह को शनिवार को पद से हटा दिया गया। सिंह को अगले आदेश तक कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) में अनिवार्य प्रतीक्षा में रखा गया है। भारत व्यापार संवर्धन संगठन (आईटीपीओ) के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक प्रदीप सिंह खरोला को नियमित नियुक्ति किए जाने तक परीक्षा एजेंसी के महानिदेशक का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

### विशेषज्ञों की समिति में ये सदस्य हैं शामिल

समिति में दिल्ली एम्स के पूर्व निदेशक डॉ. रणदीप गुलेरिया, हैदराबाद केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीजे राव, आईआईटी मद्रास के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के प्रो. के राममूर्ति, पीपल स्ट्रॉन्ग और बोर्ड सदस्य- कर्मयोगी भारत के सह-संस्थापक पंकज बंसल, आईआईटी दिल्ली के डीन स्टूडेंट अफेयर्स प्रो. आदित्य मित्तल और शिक्षा मंत्रालय में संयुक्त सचिव गोविंद जायसवाल को रखा गया है। डॉ. राधाकृष्ण वर्तमान में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर के संचालन मंडल के अध्यक्ष हैं।

# प्लॉट पर कब्जा करने की कोशिश में सड़क पर खुलेआम चलाईं गोलियां

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- पूर्व विधायक राजेश मिश्रा समेत 12 नामजद, 150 अज्ञात पर रिपोर्ट
- दोनों पक्षों ने की फायरिंग, एक पक्ष ने दो बुलडोजर जलाए
- एसएसपी ने इंस्पेक्टर समेत सात पुलिस कर्मियों को किया निलंबित

**अमृत विचार :** इज्जतनगर क्षेत्र में पीलीभीत बाईपास पर कई करोड़ रुपये के प्लॉट पर कब्जे के लिए शनिवार सुबह बिल्डर के गुर्गों ने फायरिंग की और बुलडोजर से दुकान में रखे मार्बल तोड़ दिए। दूसरे पक्ष ने फायरिंग कर दो बुलडोजर जला दिए। दोनों पक्षों की ओर से करीब 100 राउंड फायर किए गए। पुलिस ने रोहित की तहरीर पर पूर्व विधायक राजेश मिश्रा उर्फ पप्पू भरतौल समेत 12 नामजद और 150 अज्ञात के खिलाफ हत्या की कोशिश, बलवा समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने इज्जतनगर थाना प्रभारी समेत सात पुलिस कर्मियों को निलंबित कर दिया। पुलिस ने दोनों पक्षों से 11 लोगों को गिरफ्तार कर तीन कार कब्जे में ली है। इस मामले में पुलिस ने भी दोनों पक्षों के नौ लोगों पर रिपोर्ट दर्ज की है।

दरोगा राजीव प्रकाश ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि शनिवार सुबह करीब साढ़े छह बजे शंकरा महादेव मार्बल दुकान के पास विवाद की सूचना पर पहुंचे तो वहां पर दो बुलडोजर से संजय नगर निवासी राजीव राणा और रोहित ठाकुर 20-25 सहयोगियों के साथ मार्बल हटवा रहा था। मार्बल दुकान के मालिक गांव लालपुर निवासी आदित्य उपाध्याय ने अपने बेटे अभिराज और साथियों के साथ पहुंचकर विरोध किया। इस पर राजीव राणा ग्रुप के लोगों ने फायरिंग कर दी। इसके बाद आदित्य पक्ष की ओर से भी फायरिंग की गई। दोनों तरफ से करीब 100 राउंड फायरिंग की गई। आदित्य पक्ष के साथियों ने दोनों बुलडोजर में आग लगा दी। बीच सड़क पर फायरिंग से अफरातफरी मच गई और ट्रैफिक रुक गया। लोग अपने वाहन छोड़कर भागने लगे और दुकानें भी बंद हो गईं। फोर्स ने मौके पर पहुंचकर स्थिति नियंत्रण में की। वहीं पूर्व विधायक का कहना है कि घटना के समय वे शहर से बाहर थे। विरोधियों ने मेरे खिलाफ फर्जी मुकदमा दर्ज कराया है।



सड़क पर गोली चलाता युवक।

### इन पुलिसकर्मियों को किया निलंबित

एसएसपी और अन्य पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और फिर थाने में भी मामले की जानकारी ली। एसएसपी की शुरुआती जांच में पुलिस कर्मियों की लापरवाही सामने आई। जिस पर एसएसपी ने थाना प्रभारी जयशंकर सिंह, दरोगा राजीव प्रकाश, मुख्य आरक्षी योगेश, सिपाही सन्नी कुमार, विनोद कुमार, राजकुमार और अजय तोमर को निलंबित कर दिया।

"प्लॉट कब्जा करने के लिए दो पक्षों में फायरिंग हुई थी। पुलिस ने दोनों पक्षों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना प्रभारी समेत सात पुलिस कर्मियों को निलंबित किया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की गई है। -**घुले सुशील चंद्रभान**, एसएसपी

## एक नजर

### दिल्ली, गाजियाबाद, नोएडा में सीएनजी 1 रुपये महंगी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी और आसपास के शहरों में सीएनजी की कीमत में शनिवार को एक रुपये प्रति किग्रा की बढ़ोतरी की गई। दिल्ली में सीएनजी की कीमत 74 .09 रुपये से बढ़कर 75 .09 रुपये प्रति किग्रा हो गई है जबकि नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद में यह दर 78 .70 से बढ़कर 79 .70 रुपये प्रति किग्रा हो गई है।

### बम की सूचना पर रोकी गई फ्लाइट, छानबीन

**कोझिकोड।** केरल के कालीकट अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से शारजाह के लिए रवाना होने वाले एयर अरबिया के एक विमान में शनिवार को बम होने की सूचना पर विमान रोक दिया गया। बम निरोधक दस्ते ने विमान का गहन निरीक्षण किया जिसमें धमकी फर्जी पाई गई।

# उत्तराखंड में उपचुनाव से आकाश आनंद की वापसी

ब्यूरो, देहरादून



- बसपा सुप्रीमो मायावती ने मंगलौर के लिए बनाया स्टार कैंपेनर

**अमृत विचार :** बसपा सुप्रीमो मायावती के भतीजे आकाश आनंद की पार्टी में फिर से वापसी हो गई है। बसपा ने आकाश आनंद को राज्य में दो सीटों के लिए हो रहे उपचुनाव में स्टार कैंपेनर बनाया है। पार्टी के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष श्रीधर की ओर से जारी की गई 13 स्टार प्रचारकों की सूची में बसपा सुप्रीमो मायावती के बाद आकाश आनंद का नाम है।

चमोली की बदरीनाथ और हरिद्वार की मंगलौर विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हो रहा है। 10 जुलाई को मतदान होना है। लोकसभा चुनाव से पहले बदरीनाथ सीट से कांग्रेस विधायक राजेंद्र भंडारी त्यागपत्र देकर भाजपा में शामिल हो गए थे। अब भाजपा ने उन्हें प्रत्याशी बनाया है। वहीं मंगलौर विस सीट से बसपा के सरबत करीम अंसारी विधायक थे। उनका निधन होने के बाद उक्त सीट पर भी उपचुनाव हो रहा है। बसपा ने मंगलौर सीट पर पूर्व विधायक सरबत करीम अंसारी के बेटे उदेबुर्रहमान को प्रत्याशी बनाया है।

# उरी सेक्टर में घुसपैठ की कोशिश नाकाम दो आतंकी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले के उरी सेक्टर में सुरक्षा बलों ने शनिवार को घुसपैठियों की कोशिश को नाकाम कर दिया। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक सुरक्षाबलों ने दो आतंकवादी मार गिराने में भी कामयाबी पाई है। सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ जारी है।

आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि बारामूला के गोहलान उरी सेक्टर में शनिवार तड़के घुसपैठ की कोशिश की गई। नियंत्रण रेखा पर तैनात सेना के जवानों ने घुसपैठियों की संदिग्ध गतिविधि देखते ही उन्हें ललकारा। इसके बाद उन्होंने गोलीबारी शुरू कर दी, जिस पर सेना के जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी।

# कार्रवाईः आरक्षी पद पर पदावनत किए गए सीओ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- शनिवार की देर रात डीजीपी कार्यालय से जारी हुआ आदेश
- तीन साल पहले होटल में महिला सिपाही के साथ पकड़े गए थे

**अमृत विचार :** डीजीपी प्रशासन ने प्रोन्नत डिप्टी एसपी कृपाशंकर कन्नौजिया को मूल पद पीएसी आरक्षी पर वापस करने का आदेश जारी किया है। वर्तमान में कृपाशंकर उन्नाव के बीघापुर में तैनात हैं। उनकी पहली नियुक्ति 26वीं वाहिनी पीएसी गोरखपुर में आरक्षी पद पर हुई थी। डीजीपी मुख्यालय से यह आदेश शनिवार देर रात जारी हुआ। उन पर तीन साल पहले महिला सिपाही के साथ कानपुर के होटल में रंगरेलियां मनाने के मामले में जांच चल रही थी जिसमें वे दोषी पाए गए। मूलरुप से गोरखपुर के रहने वाले कन्नौजिया को भर्ती होने के बाद से वर्ष 2020 के बीच चार प्रोन्नति मिली। वर्ष 2020 के अंत में वह डिप्टी एसपी के पद पर प्रोन्नत किए गए।

वर्ष 2021 में कृपाशंकर महिला सिपाही के साथ कानपुर के एक होटल में मिले। उस वक्त मामला सुर्खियों में भी रहा। वर्दी पर दाग लगता देख उन्नाव के तत्कालीन एसपी ने शासन से शिकायत की थी। महिला सिपाही को निलंबित कर दिया गया था।

# मूल्य स्थिर रखने को सरकार ने 71,000 टन प्याज खरीदा

**नई दिल्ली।** सरकार ने इस वर्ष अब तक सुरक्षित भंडार के लिए लगभग 71,000 टन प्याज खरीदा है। यह मूल्य स्थिरीकरण के लिए पांच लाख टन खरीद के कुल लक्ष्य में शामिल है। सरकार को उम्मीद है कि मानसून की प्रगति के साथ खुदरा कीमतों में कमी आएगी। उपभोक्ता मामलों के विभाग द्वारा जुटाए गए आंकड़ों के अनुसार, शुक्रवार को देशभर में औसत प्याज खुदरा मूल्य 38.67 रुपये प्रति किलोग्राम था, जबकि मॉडल मूल्य 40 रुपये प्रति किलोग्राम था। उपभोक्ता मामलों के विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि 20 जून तक केंद्र ने 70,987 टन प्याज खरीदा है।

# छह उत्पादन इकाइयां ठप हुईं, बिजली संकट बढ़ा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- स्थिति पर नियंत्रण पाने को की गई आपात कटौती
- टांडा, जवाहरपुर व ऊंचाहार में बिजली उत्पादन ठप

**अमृत विचार :** प्रदेश में उत्पादन बिजलीघरों की इकाइयों के ठप होने का सिलसिला जारी है। शनिवार को टांडा, जवाहरपुर व ऊंचाहार बिजलीघरों की तीन इकाइयां ठप हो गईं। पहले से बंद तीन को मिलाकर कुल छह इकाइयों के बंद होने से 2165 मेगावाट उत्पादन प्रभावित हुआ। इससे बिजली संकट बढ़ गया। स्थिति संभालने के लिए बुंदेलखंड सहित प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में करीब छह सौ मेगावाट की कटौती की गई।

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार टांडा की 110 मेगावाट, ऊंचाहार की पांच सौ मेगावाट व जवाहरपुर की 660 मेगावाट की एक-एक इकाइयां ठप हो गईं। बिजली अभियंताओं ने जवाहरपुर इकाई के 23 जून को चालू होने व बाकी दो इकाइयों के 24 जून को चालू होने की उम्मीद जताई है। पहले से बंद बारा की 660 मेगावाट इकाई के भी 23 जून जबकि मेजा की 660 मेगावाट के 24 जून को चालू होने की संभावना है। सिंगरौली की 200 मेगावाट इकाई के शनिवार की देर रात तक चालू होने की उम्मीद जताई गई।

# रमित शर्मा बनाए गए एडीजी बरेली जोन अमरेंद्र सेंगर लखनऊ के पुलिस आयुक्त

- एसबी शिरडकर को बनाया गया एडीजी लखनऊ जोन

**कई आईपीएस अधिकारियों के तबादले**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उप्र. में शनिवार को कई आईपीएस अफसरों के तबादले हुए हैं। लखनऊ व प्रयागराज के पुलिस आयुक्त भी बदले गए हैं। प्रयागराज के पुलिस आयुक्त रमित शर्मा को एडीजी बरेली जोन बनाया गया है। अमरेंद्र कुमार सेंगर लखनऊ के नए पुलिस आयुक्त होंगे। लखनऊ के पुलिस आयुक्त एसबी शिरडकर को लखनऊ जोन का एडीजी बनाया गया है। लखनऊ के आईजी तरुण गाबा को पुलिस आयुक्त प्रयागराज बनाया गया है। राजेश द्विवेदी को एसपी कुंभ प्रयागराज की जिम्मेदारी दी गई है।

प्रेमचंद मीना को एडीजी पुलिस आवास निगम का प्रभार दिया गया है। प्रशांत कुमार द्वितीय को आईजी रेंज लखनऊ बनाया गया है। बिनोद कुमार सिंह एडीजी साइबर क्राइम और प्रकाश डी एडीजी रेलवे बनाए गए हैं। जय नारायन सिंह को एडीजी पीटीसी सीतापुर नियुक्त किया गया है। एलवी एंटनी देव को एडीजी सीबीसीआईडी और रघुवीर लाल को एडीजी सुरक्षा के साथ एडीजी एसएसएफ की भी जिम्मेदारी दी गई है। के सत्यनारायण को एडीजी यातायात और बीडी पॉल्सन को एडीजी प्रशिक्षण नियुक्त किया गया है। विद्यासागर मिश्र को पुलिस अधीक्षक रामपुर नियुक्त किया गया है। यमुना प्रसाद को डीसीपी नोएडा बनाया गया है।



रमित शर्मा

# नीट-यूजी : झारखंड से छह लोग हिरासत में लिए गए

देवघर (झारखंड), एजेंसी

- सभी आरोपी बिहार के नालंदा जिले के रहने वाले

बिहार पुलिस ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'नीट' में अनियमितताओं के मामले में झारखंड के देवघर जिले से छह लोगों को हिरासत में लिया है। शनिवार को एक अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार की रात देवीपुरा पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), देवघर के समीप एक घर से छह लोगों को हिरासत में लिया।

अनुमंडल पुलिस अधिकारी (देवघर सदर) ऋत्विक श्रीवास्तव ने बताया कि बिहार पुलिस ने हमें सूचना दी थी। हिरासत में लिए गए सभी संदिग्धों को बिहार ले जाया गया है। सभी संदिग्ध झुनू सिंह नाम के व्यक्ति के घर पर रह रहे थे। देवघर पुलिस के अनुसार संदिग्धों की पहचान परमजीत सिंह उर्फ बिट्टू, बलदेव कुमार उर्फ चिंटू, प्रशांत कुमार उर्फ काजू, अजीत कुमार, राजीव कुमार उर्फ कारू और पंकू कुमार के रूप में हुई है। ये सभी बिहार के नालंदा जिले के निवासी हैं।

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने पांच मई को नीट-यूजी की परीक्षा आयोजित की थी, जिसमें करीब 24 लाख अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया था। चार जून को परिणाम घोषित किए गए थे।

### प्रश्नपत्र लीक मामले में सीबीआई ने की पूछताछ

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने यूजीसी-नेट का प्रश्नपत्र लीक होने के मामले में उत्तर प्रदेश के कुशीनगर में शनिवार को एक व्यक्ति से पूछताछ की। अधिकारियों ने बताया कि प्रश्नपत्र का एक हिस्सा टेलीग्राम पर पोस्ट करने वाले संदिग्ध को जिले के पडरौना कोतवाली ले जाया गया जहां सीबीआई की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा की टीम उससे पूछताछ कर रही है। ऐसा माना जा रहा है कि संदिग्ध ने राजस्थान के कोटा में नेट की कोचिंग की थी। सीबीआई ने केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के निर्देश पर यूजीसी-नेट प्रश्नपत्र लीक करने के मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ गुरुवार को प्राथमिकी दर्ज की थी।

### बिहार पुलिस को मिले एनटीए से संदर्भ प्रश्न पत्र

**पटना।** बिहार पुलिस ने कथित नीट-यूजी पेपर लीक मामले में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) से संदर्भ प्रश्न पत्र प्राप्त करने का दावा किया है। इस मामले की जांच कर रही बिहार आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) के उच्च पदस्थ सूत्रों ने कहा कि पिछले महीने पटना में तलाशी के दौरान एक घर से कथित तौर पर लीक हुए प्रश्न पत्रों के जले हुए टुकड़े बरामद किए गए थे, जिन्हें फोरेंसिक जांच के लिए भेजे जाने से पहले संदर्भ प्रश्न पत्रों के साथ मिलान किया जाएगा।

### राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (पीजी) भी टली

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने उच्च चिकित्सा शिक्षा की राष्ट्रीय पात्रता -सह -प्रवेश परीक्षा परा स्नातक (नीट-पीजी प्रवेश) टालने की घोषणा की है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड की नीट-पीजी प्रवेश टाल दी गई है। परीक्षा की नई तिथि बाद में घोषित की जाएगी। नीट-पीजी प्रवेश 23 जून रविवार को निर्धारित थी। मंत्रालय ने कहा है कि कुछ प्रवेश परीक्षाओं में अनियमितताओं की घटनाओं को देखते हुए इस परीक्षा को टालने का निर्णय लिया गया है।

## एक नजर

### दुकान में घुसकर की तोड़फोड़, मारपीट

**बीसलपुर।** दुकान में घुसकर जेठ ने महिला से गाली गलौज की। जबकि उसने विरोध किया तो लात घूसों से पिटाई कर दी। इतना ही नहीं दुकान में रखे सामान में तोड़फोड़ की। मोहल्ला हबीबुल्लाह खां जनूबी की रहने वाली प्रीति ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 20 जून की शाम पांच बजे वह अपनी दुकान पर बैठी थीं। इस बीच जेठ और उसका बेटा पहुंचा और गाली गलौत करते हुए दुकान में घुस आए। आरोप है कि विरोध करने पर जेठ व उसके बेटे ने मारपीट की और दुकान में रखा सामान तोड़ दिया। कोतवाल ने बताया कि महिला की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच पुलिस कर रही है।

### कोर्ट के आदेश पर धोखाधड़ी की रिपोर्ट

**माधोटांडा।** कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने ग्राम नगरिया खुर्द के रहने वाली सविता पत्नी परितोष की ओर से धोखाधड़ी, अमानत में खयानत, गाली गलौज, धमकाने आदि की धाराओं में की रिपोर्ट दर्ज की है। दर्ज कराई गई रिपोर्ट में पुरैना ताल्लुके महाराजपुर गांव के जदीश मंडल, रमनगरा गांव के प्रशांत साना, नीतू उर्फ नित्यानंद, पवित्र मंडल, क्षेत्रधर मंडल को आरोपी बनाया है। महिला का कहना है कि आरोपी फर्जी कमेटी संचालित करते हैं। समूह बनाकर लोगों से रुपये जमा कराते हैं।पीड़िता नेभी एफडी कराई लेकिन पांच साल पूरे होने के बाद भी रकम वापस नहीं की गई। धनराशि मांगने पर गाली गलौजक र धमकी दी।

### अश्लील मेसेज करने वाले प्रधान पर रिपोर्ट

**बीसलपुर।** महिला को अश्लील मेसेज करने वाले ग्राम प्रधान पर कार्रवाई की गई। पुलिस को दी तहरीर में महिला ने बताया कि गांव नवदिया सितारगंज का प्रधान इमरान उसके मोबाइल पर अश्लील मेसेज करता है। एक तरफा प्यार भरे मेसेज करके परेशान कर दिया है। आरोप है कि आते-जाते समय रास्ते में वह पीछा करके भी फब्तियां कसता है। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी जाती है। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच में जुट गई है।

# हाईवे पर पलटी पूरनपुर चेयरमैन की कार, सीट बेल्ट से बची जान

- घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने क्रेन की मदद से निकलवाई कार

**पीलीभीत,अमृत विचार :** काम से कलेक्ट्रेट जा रहे नगर पालिका पूरनपुर के चेयरमैन शैलेंद्र गुप्ता की कार अनियंत्रित होकर टनकपुर हाईवे पर पलट गई। जिसमे वह और उनका चालक हादसे बाल बाल बचा। हादसे की सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और खाई में पलटी कार को क्रेन की मदद से बाहर निकलवाया।

हादसा शनिवार सुबह करीब दस बजे का है। पूरनपुर नगरपालिका के चेयरमैन शैलेंद्र गुप्ता अपने किसी काम से कलेक्ट्रेट आ रहे थे। तभी टनकपुर हाईवे पर पीडब्ल्यूडी कार्यालय के पास उनकी कार अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे पलट गई। कार में चालक के साथ चेयरमैन भी सवार थे। सील्ट बेल्ट लगी होने से बड़ा हादसा टल गया। दोनों लोगों को मामूली चोटें आई। हादसे के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई। राहगीरों की मदद से कार सवार चेयरमैन और चालक को सुरक्षित बाहर निकाला गया। जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची। क्रेन की मदद से कार को खाई से बाहर निकाला गया। चेयरमैन ने बताया कि वह किसी कार्य के सिलसिले में कलक्ट्रेट जा रहे थे। पीडब्ल्यूडी कार्यालय के निकट कलक्ट्रेट मोड़ पर कार अचानक अनियंत्रित हो गई और हाईवे से नीचे पलट गई। गनीमत रही कि सील्ट बेल्ट लगी होने से मामलू चोटें आई।

## आईवीआरआई के प्रिंसीपल साइंटिस्ट ने पैर में सूजन के चलते पाया अनफिट, नहीं होगी घर वापसी

# पीटीआर के बाघ का लखनऊ चिड़ियाघर बनेगा आशियाना

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** लखनऊ चिड़ियाघर में कैद पीटीआर के बाघ की अब घर वापसी नहीं हो सकेगी। आईवीआरआई के विशेषज्ञ की जांच में बाघ अनफिट पाया गया। वन अफसरों के मुताबिक बाघ के अगले पैर में सूजन भी है। हालांकि पूर्व में वन अफसर बाघ की वापसी की संभावना जता रहे थे। बाघ के जख्मी होने पर 21 अप्रैल को महोफ रेंज के समीप गांव मल्लपुर के पास से रेस्क्यू किया गया था।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व की महोफ रेंज में करीब दो माह पूर्व एक बाघ के लंगड़ाकर चलने की जानकारी मिली थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए पीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह ने बाघ की 24 घंटे निगरानी के लिए दो टीमों का गठन करने के साथ संबंधित क्षेत्र में ट्रेप कैमरे लगाकर निगरानी शुरू कराई थी।

जिसके बाद कई दिन तक बाघ की लोकेशन नहीं मिल सकी थी। डिप्टी डायरेक्टर ने मामले की जानकारी प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्यजीव को देते हुए बाघ को रेस्क्यू करने की अनुमति मांगी थी। 21 अप्रैल को बाघ कलीनगर क्षेत्र में महोफ रेंज से सटे गांव मल्लपुर के समीप देखे जाने पर डिप्टी डायरेक्टर रेस्क्यू टीम के साथ



इसी जख्मी बाघ को रेस्क्यू कर भेजा गया था लखनऊ चिड़ियाघर।

मौके पर पहुंचे थे। शाम तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन में बाघ को रेस्क्यू कर लिया गया था। प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्यजीव के निर्देश के बाद बाघ को अगले दिन ही इलाज के लिए लखनऊ चिड़ियाघर भेज दिया गया था। वन अफसर जख्मी बाघ की हालत में हो रहे तेजी से सुधार को देख उसके पुनः पीटीआर में वापसी की संभावना जता रहे थे। इधर कुछ दिन पूर्व भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान (आईवीआरआई) बरेली के सेंटर फॉर वाइल्ड लाइफ के प्रिंसिपल साइंटिस्ट/इंचार्ज डॉ. एएम पावड़े ने लखनऊ चिड़ियाघर पहुंचकर पीटीआर के बाघ का परीक्षण किया गया। परीक्षण के बाद उन्होंने रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को सौंप दी। वन अफसरों के मुताबिक परीक्षण में बाघ वाइल्ड लाइफ में रहने के योग्य नहीं पाया गया।

बाघ के अगले पैर में सूजन भी पाई गई। ऐसे में अब बाघ की पीटीआर में वापसी नहीं हो सकेगी। बताते हैं कि पूर्व में बाघ आपसी संघर्ष में घायल हो गया था।

- 21 अप्रैल को महोफ रेंज के समीप गांव मल्लपुर के पास से किया था रेस्क्यू

> लखनऊ चिड़ियाघर में भेजे गए पीटीआर के बाघ का आईवीआरआई के विशेषज्ञ द्वारा परीक्षण किया गया था। परीक्षण में बाघ जंगल में रहने के योग्य नहीं पाया गया। ऐसे में अब बाघ के वापसी की संभावना समाप्त हो गई है।
>
> **- मनीष सिंह,** डिप्टी डायरेक्टर, पीटीआर

# हंगामा है बरपा क्योंकि... जांच में ही तो है सारी 'कायनात'

## राज्यमंत्री के समर्थकों ने जांच के नाम पर खुदवाई सड़क तो भड़के सभासद डीएम से शिकायत करने पहुंचे

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** तकनीकी मामलों में जांच का एकाधिकार इंजीनियरों का माना जाता है क्योंकि जीवन के कई साल पढ़ाई में खपाकर उन्होंने इसके लिए विशेषज्ञता हासिल की होती है, लेकिन अब सियासी लोग ये जांच करने लगे हैं। राज्यमंत्री संजय गंगवार के नगर पालिका पीलीभीत के प्रतिनिधि का कुछ सभासदों के साथ एक सड़क को जांच के नाम पर खुदवा देने पर हंगामा खड़ा हो गया है। कई सभासदों ने उनकी मंशा पर सवाल खड़े करने के साथ कड़ा विरोध करते हुए सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और माहौल खराब करने का आरोप लगाते हुए डीएम से शिकायत की है।

शनिवार को आयोजित समाधान दिवस में जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह कोतवाली पहुंचे थे। इस बीच कई सभासद पहुंचे और संयुक्त शिकायती पत्र सौंपा। जिसमें कहा गया कि 18 जून को राज्यमंत्री के प्रतिनिधि एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष राकेश सिंह, वार्ड नंबर नौ के सभासद चेतन गंगवार, वार्ड 26 की सभासद पुष्पा उपाध्याय, वार्ड नंबर आठ के सभासद विपिन कुमार उर्फ राजू फौजी, सभासद राजेंद्र कुमार भारती, एहतशाम वली खान कमल्ले चौराहा पर बनी नई सड़क का निरीक्षण करने पहुंच गए और उसे बिना किसी तकनीकि इंजीनियरों की मौजूदगी में खोद दिया। पालिका अध्यक्ष के खिलाफ नारेबाजी की। इतना ही नहीं वार्ड के लोगों को एकत्र कर सभासद व चेयरमैन के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी कर भड़काया। जिसके विरोध में अधिकांश सभासद हैं। कहा-इन्हें कोई अधिकार नहीं है। माहौल खराब करने की कोशिश की गई है। सभासदों ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई की मांग की है।

इधर, शिकायत करने वालों में वार्ड नंबर दो के सभासद राशिद हुसैन, वार्ड नंबर 14 के अनस अंसारी, वार्ड नंबर 24 के निर्मल सिंह, वार्ड नंबर तीन की शबनम, वार्ड नंबर 17 की जाहिदा बी, वार्ड नंबर 27 के मोहम्मद शरीफ, वार्ड नंबर 25 के साकेत सक्सेना, वार्ड नंबर 18 के निजाकत अली, वार्ड नंबर 13 की माया देवी, वार्ड नंबर 16 की शैलेंद्र कौर, वार्ड नंबर 22 से इकबाल हजरत खां, वार्ड नंबर पंद्रह से वतनदीप मिश्रा आदि थे।



निर्माणाधीन सीसी रोड की गुणवत्ता में किया खेल, ठेकेदार को नोटिस, भुगतान रोका गया

अमृत विचार में प्रकाशित खबर।

- सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने च माहौल खराब करने की कोशिश का लगाया आरोप

### अपने वार्ड छोड़कर दूसरों में माहौल खराब कर रहे सभासद

शिकायत पत्र देने वाले सभासदों ने आरोप लगाया जो सभासद अपने वार्ड की स्थिति नहीं देख रहे। दूसरों के वार्ड में पहुंचकर माहौल खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। उनका कहना है कि अगर कोई शिकायत थी तो संबंधित अधिकारी से कहना चाहिए था। फिर अधिकृत टेक्निकल इंजीनियर से जांच कराई जा सकती थी। मगर खुद ही सड़क को खोदकर नुकसान पहुंचाना गलत है। फिलहाल इस मामले के बाद गुटबाजी बढ़ती दिखाई दे रही है।

> आम आदमी का अधिकार है कि कहीं भी सरकारी पैसा लग रहा है, तो उसकी गुणवत्ता को परखे ताकि सही तरीके से काम हो। जिस तरह से ये सड़क बनवाई गई, ज्यादा समय तक चल ही नहीं सकती थी। सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और भड़काने के आरोप गलत हैं।
>
> **- राकेश सिंह,** प्रतिनिधि राज्यमंत्री, नगर पालिका पीलीभीत

### अधिशासी अभियंता भी सड़क निर्माण कार्य से नहीं दिखे संतुष्ट

कमल्ले चौराहा से चौक चौराहा तक जिस सड़क का राज्यमंत्री के प्रतिनिधि व कुछ सभासदों के निरीक्षण करने को लेकर विरोध सामने आया है। उसकी हकीकत उसी दिन पालिका ईओ लालचंद भारती भी देखने पहुंचे थे। सूत्रों का कहना है वह भी कराए काम से संतुष्ट नहीं हुए। गुणवत्ता खराब मिलने पर ठेकेदार को मानक के अनुरूप सड़क सही कराने का नोटिस जारी कराए जाने और संबंधित ठेकेदार के उक्त कराए गए कार्य का भुगतान रोकने का आदेश दिया था। साथ ही अवर अभियंता सिविल को उक्त सड़क अपनी देखरेख में निर्माण कराने और अब तक हुई लापरवाही को लेकर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे। इसके बाद दोबारा लेयर बिछवाई गई। इसमें भी गुणवत्ता की अनदेखी करने का आरोप लग रहा है।

# विवादों में घिरे अवर अभियंता को मुख्यालय अटैच किया

संवाददाता, पूरनपुर

- भाजपा नेत्री से विवाद होने के बाद से छुट्टी पर थे जेई जयपाल

**अमृत विचार:** भाजपा नेत्री के साथ मारपीट और लेखपाल का कनेक्शन न करने को लेकर चर्चा में रहे जेई का तबादला हो गया। मारपीट की घटना के बाद से जेई लंबी छुट्टी पर थे।

नगर के बिजली घर में तैनात जेई जयपाल का छह मई को भाजपा नेत्री के घर छापेमारी के दौरान विवाद हो गया था। इस दौरान दोनों ओर से मारपीट के मुकदमे दर्ज कराए गए थे। भाजपा नेत्री और जेई के बीच मारपीट का मामला काफी दिनों तक चर्चा में रहा। घटना के बाद से जेई जयपाल छुट्टी पर चले गए और वापस नहीं लौटे। छुट्टी के दौरान शनिवार को उनका पीलीभीत विद्युत कारखाना के लिए तबादला हो गया। भाजपा नेत्री से विवाद होने से पहले नारायणपुर कालोनी में लेखपाल के घर विद्युत कनेक्शन को लेकर भी जेई पर गंभीर आरोप लगाए गए थे। इसको लेकर भी वह सुर्खियों में बने रहे। उनके छुट्टी पर जाने के बाद नगर के बिजली घर का चार्ज ग्रामीण क्षेत्र के जेई कुलदीप के पास था। अधिशासी अभियंता प्रशांत गुप्ता ने बताया कि जेई जयपाल का तबादला कर दिया गया है। नगर के बिजली घर का अतिरिक्त चार्ज ग्रामीण क्षेत्र के जेई कुलदीप के पास रहेगा।















# इंसानों की लापरवाही से होती है मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाएं



स्वास्थ्य एवं जागरुकता शिविरों के समापन पर ग्रामीणों को संबोधित करते एसपी अविनाश पांडेय।

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- ग्रामीण वन्यजीवों से रहे सर्तक, पीटीआर के डीडी ने दिए टिप्स
- रेडक्रास सोसायटी के जागरुकता शिविरों की श्रृंखला का समापन

**अमृत विचार:** एसपी अविनाश पांडेय ने कहा कि मानव वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं में अभी तक इंसानों की लापरवाही सामने आई है। वहीं ट्रिपल राइडिंग से हम दुर्घनाओं को दावत दे रहे हैं। बेहतर होगा कि हमें जो मिला है, उससे बेहतर अगली पीढ़ी को देने का प्रयास करें।

वह शनिवार के अमरिया ब्लाक के गांव धनकुनी में रेडक्रास सोसायटी द्वारा वन विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से शुरू किए गए स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविरों के समापन पर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि तापमान अपने चरम पर पहुंच गया है। इससे निपटने के लिए अपने घर के आसपास तथा अन्य स्थानों पर पौधारोपण अवश्य करें। इससे पूर्व पीलीभीत टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह ने शिविर में आए ग्रामीणों को वन्यजीवों से सर्तक रहने की अपील की। कहा कि बाघ बहुत शर्मिला प्राणी होता है। वह स्वयं पहले हमला नहीं करता है। हमें उससे सीधे टकराने का प्रयास नहीं करना चाहिए।

वहीं तेंदुआ चालाक वन्यजीव होता है। उन्होंने ग्रामीणों को अपने घरों के आसपास झाड झंकाड न रखने, घर के आसपास रोशनी की व्यवस्था करने तथा रात में अकेले न निकलने की बात कही। उन्होंने कहा कि रात में यदि निकलना आवश्यक हो तो तीन-चार लोग समूह में निकले। पंद्रह साल से छोटे बच्चों को घर से बाहर अकेले न छोड़े। जंगली सुअर को कभी अकेले न दौड़ाए, क्योंकि वह पलटकर हमलावर हो सकता हैं। ग्रामीणों से वन्यजीव के आ जाने तथा पेड़ काटने की घटना की जानकारी वन विभाग अथवा 112 को दिए जाने का आग्रह किया। उन्होंने शिविर के आयोजन के लिए रेडक्रास सोसायटी का आभार जताया। रेडक्रास सोसायटी के अवैतनिक सचिव कौशलेंद्र भदौरिया ने शिविरों की आख्या प्रस्तुत करते हुए बताया कि इन शिविरों से अब तक 1300 से अधिक रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क दवाएं वितरित की गई। संचालन सोसायटी की प्रबंध समिति के सदस्य डॉ.अमिताभ अग्निहोत्री ने किया। इस दौरान एसपी ने सोसायटी की ओर से निशुल्क चिकित्सा में लगी टीम के डॉ. प्रभात मिश्र, फहीम अली, फार्मास्टिस पवन वर्मा, लैब असिस्टेंट विशाल, संजय वर्मा को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस मौके पर वन एवं वन्यजीव प्रभाग के उपप्रभागीय वनाधिकारी अंजनी कुमार श्रीवास्तव, वन क्षेत्राधिकारी पीयूष मोहन श्रीवास्तव, वन दरोगा सोनी सिंह, ग्राम प्रधान परमेश्वर दयाल समेत कई ग्रामीण मौजूद रहे।

### पहाड़ा सही सुनाया तो एसपी ने दी पीटीआर की कैप

कार्यक्रम के दौरान एसपी ने मौजूद बच्चों से पहाड़ा सुनाने को कहा। इस दौरान एक बच्चे ने सही तरीके से पहाड़े सुनाए तो एसपी ने बच्चे को प्रोत्साहित करते उसे पीटीआर की कैप और जनपद में पाए जाने वाले कछुओं का चित्र सौंपा।महिलाओं को भी बाघ का चित्र भेंट किया।

# प्रधानमंत्री पर अभद्र टिप्पणी करने वाले सफाई कर्मचारी पर गिरी गाज

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- डीपीआरओ ने अमरिया ब्लाक के हर्रायपुर में तैनात सफाई कर्मी को किया निलंबित
- भाजपा अनुसूचित मोर्चा के जिला मंत्री ने जिलाधिकारी से की थी शिकायत

**अमृत विचार:** प्रधानमंत्री पर अशोभनीय टिप्पणी करने वाले सफाईकर्मी पर गाज गिर गई। जिला पंचायत राज अधिकारी ने सफाईकर्मी को निलंबित कर दिया। मामले की शिकायत भाजपा अनुसूचित मोर्चा के जिलामंत्री ने डीएम से शिकायत की थी। विकासखंड अमरिया में पंचायत विभाग के सफाई कर्मियों की ओर से एडीओपी सूचना ग्रुप एसके अमरिया नाम से बनाया गया है। इस ग्रुप से ब्लाक की ग्राम पंचायत हर्रायपुर का सफाई कर्मी अब्दुल सुभान भी जुड़ा है। आरोप है कि उक्त ग्रुप पर 12 अप्रैल को सफाईकर्मी अब्दुल सुभान द्वारा प्रधानमंत्री के विरोध में एक अभद्र भाषा की पोस्ट शेयर की गई। देश अन्य मंत्रियों के खिलाफ भी अभद्र भाषा में टिप्पणी की। इस मामले की शिकायत भाजपा अनुसूचित मोर्चा के जिलामंत्री सतीश कुमार ने डीएम संजय कुमार सिंह से की। शिकायत में कहा कि सफाई कर्मी अब्दुल सुभान पूर्व में भी वर्तमान सरकार के विरोध में ग्रुप पर पोस्ट शेयर करता रहता है। उन्होंने सफाई कर्मी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

मामले को गंभीरता से लेते हुए डीएम ने सीडीओ को कार्रवाई के निर्देश दिए। सीडीओ के निर्देश पर डीपीआरओ सतीश कुमार ने प्रधानमंत्री के विरोध में अभद्र टिप्पणी करने पर सफाई कर्मी अब्दुल सुभान को निलंबित कर दिया। निलंबित सफाईकर्मी को अमरिया ब्लाक से सम्बद्ध किया गया है। डीपीआरओ सतीश कुमार ने बताया कि प्रधानमंत्री के विरोध में अभद्र टिप्पणी करने पर हर्रायपुर गांव के सफाईकर्मी को निलंबित किया गया है।

## सड़क हादसे में घायल हुए दंपती मामले में दी तहरीर

**दियोरियाकलां, अमृत विचार:** बरेली जनपद के थाना भुता क्षेत्र के गांव उदयपुर के रहने वाले गिरीश कुमार ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि 20 जून उसके पिता भूपराम और मां सुखदेई दुपहिया वाहन से दियोरिया कोतवाली क्षेत्र के गांव किशनपुर में जा रहे थे। गांव वीरसिंहपुर और बिहारीपुर हीरा के बीच पहुंचते ही तभी पीछे से आ रहे लोडर वाहन ने टक्कर मार दी। जिसमें दंपति घायल हो गए। उन्हें सीएचसी बीसलपुर ले जाया गया। वहां से रेफर किए जाने पर बरेली भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# एफएसडीए टीम ने दो मिल्क हॉकरों से लिए दूध के नमूने

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने लगातार मिल रही शिकायतों के चलते शनिवार को दूध में मिलावट की रोकथाम को शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में अभियान चलाया।


मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व में चले इस अभियान के दौरान टीम सबसे पहले शहर के नेहरू पार्क के समीप गांव ढकिया केसरपुर पहुंची। टीम ने यहां के निवासी मिल्क हॉकर राहुल यादव के यहां से भैंस के दूध का नमूना लिया। इससे खलबली मची रही। इसके बाद टीम ने शहर के माधोटांडा रेलवे क्रासिंग के समीप मिल्क हॉकर राजेंद्र कुमार से भैंस के दूध का नमूना लिया। यह भी कार्रवाई का पता चलने पर डेयरी संचालकों में खलबली मची रही।

टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी शान्तनु कुमार, सतीश कुमार आदि शामिल हुए। अभिहीत अधिकारी शशांक त्रिपाठी ने बताया कि अभियान के दौरान लिए गए दोनों नमूनों को जांच के लिए राजकीय खाद्य विश्लेषक को भेजा गया है। जांच रिपोर्ट मिलने पर ही नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।







शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# दामाद का भाई फंसाने को पिता ने रची बेटी के अपहरण की कहानी, दोस्त बना मददगार...दोनों गिरफ्तार

## जेएनएम की छात्रा को पीलीभीत से अगवा कर लखीमपुर में बदहवास हालत में कार से फेंकने का मामला निकला फर्जी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** जेएनएम छात्रा को पीलीभीत से अगवा कर बदहवास हालत में लखीमपुर खीरी में कार से फेंकने की घटना फर्जी निकली। दरअसल, छात्रा के पिता ने अपने दोस्त की मदद से बड़े दामाद के छोटे भाई को फंसाने के लिए पूरा ड्रामा किया था। न तो छात्रा अगवा की गई थी, न ही कार से फेंकी गई। छात्रा के पिता समेत दो लोगों की गिरफ्तारी के बाद शनिवार को एसपी अविनाश पांडेय ने घटना का खुलासा कर दिया।

सुनगढ़ी थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने 14 जून को सेहरामऊ उत्तरी थाने में बेटी के लापता होने की तहरीर दी थी। जिसमें बताया था कि वह मूल रुप से सेहरमऊ उत्तरी क्षेत्र के एक गांव का रहने वाला है। परिवार काफी समय से सुनगढ़ी क्षेत्र स्थित मकान में रह रहा है। 12 जून की शाम को उसकी पुत्री पैतृक गांव जाने के लिए निकली थी और लापता हो गई है। बेटी जेएनएम द्वितीय वर्ष की छात्रा है। 19 जून को लापता छात्रा बदहवास हालत में लखीमपुर खीरी जनपद में सीतापुर फोरलेन पर चिमनी गांव के पास मिली थी। आरोप था कि उसे कुछ कार सवार फेंक कर चले गए। छात्रा को लखीमपुर खीरी के अस्पताल से डिस्चार्ज कराने के बाद सीएचसी पूरनपुर और फिर पीलीभीत मेडिकल कॉलेज भर्ती कराया गया था। परिवार ने सामूहिक दुष्कर्म की आशंका भी जताई थी लेकिन मेडिकल परीक्षण में कुछ नहीं आया। आईजी डॉ.राकेश सिंह भी पीलीभीत पहुंचे थे। एसपी अविनाश पांडेय ने तीन टीमें गठित की और सुरागरसी कराई।


घटना का खुलासा करते एसपी अविनाश पांडेय।

- 72 घंटे चली छानबीन में जुटाए साक्ष्य, शनिवार को प्रेसवार्ता कर एसपी ने किया खुलासा

शहर के असम चौराहा, पूरनपुर से लेकर लखीमपुर खीरी स्थित घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी की फुटेज चेक की गई। कई लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। जिसके बाद साक्ष्य जुटते गए और घटना फर्जी निकली। छात्रा का अपहरण हुआ ही नहीं था। उसे खुद परिवार वाले सुनियोजित साजिश के तहत हाईवे पर उतारकर आ गए थे। जिसके बाद बड़े दामाद के भाई को फंसाने के लिए छात्रा भी नाटक करती चली गई। शनिवार को एसपी ने घटना का खुलासा किया। छात्रा के पिता और उसके दोस्त सीतापुर जनपद के थाना हरगांव क्षेत्र के ग्राम भदेवा के रहने वाले डॉ.रामचंद्र पुत्र खूबचंद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### 16 जून को सीतापुर पहुंचा दी गई थी छात्रा

पुलिस के अनुसार पंद्रह जून की शाम 7 .20 बजे पिता लापता छात्रा को बाइक से अपनी ससुराल सीतापुर जनपद के मैलानी क्षेत्र में ले गया था। नगर पालिका के पास लगे सीसीटीवी कैमरे में दोनों के जाने की तस्वीर कैद मिल गई। इसके बाद गजरौला टोल प्लाजा के कैमरे में उसी दिन शाम 7 .34 बजे की फुटेज मिली। 16 जून को छात्रा को पिता ने अपने पुराने मित्र सीतापुर के गांव भदेवा के डॉ .रामचंद्र के घर छोड़ दिया था। पिता वापस आ गया। कथित डॉक्टर दोस्त ने भी इस साजिश में खुलकर मदद की। 18 जून की रात को पिता वापस सीतापुर पहुंचा। 19 जून की सुबह चार बजे पिता, डॉक्टर दोस्त और एक अन्य युवक छात्रा के साथ कार में रवाना हुए। कार डॉक्टर दोस्त की थी। फिर उसे चिमनी गांव के पास हाईवे पर छोड़ दिया। साजिश के तहत वह बदहवास होने का नाटक करती रही। पुलिस ने उस व्यक्ति से भी संपर्क कर जानकारी जिसने पुलिस को कॉल की थी। उसने बताया था कि पहले छात्रा सही हालत में उसे हाथ देकर रुकने का इशारा कर रही थी। जब कुछ देर बाद मॉर्निंग वॉक करके आए तो बदहवास दिखी। इस पर भी शक गहराया।

### तो खुद भी चाहती थी बहनोई से शादी करना

पुलिस के मुताबिक छात्रा की बड़ी बहन ने पीएसी के एक सिपाही से प्रेम विवाह किया था। वह उसी के साथ रहती है। इस प्रेम विवाह से परिवार नाराज भी है। साथ ही छात्रा भी उसी पीएसी सिपाही से शादी करना चाहती थी। उसने पूर्व में दुष्कर्म का एक मुकदमा भी दर्ज करा रखा है। इसकी पैरवी पीएसी सिपाही यानी की छात्रा के बहनोई का छोटा भाई करता है। इसके चलते उसे अपहरण के मामले में फंसाकर जेल भिजवाना चाहता था। इतना ही नहीं साजिशन फर्जी मुकदमे का डर बहन-बहनोई को भी था। ऐसे में उन्होंने कुछ समय पहले ही पुलिस अधिकारियों को इस संबंध में शिकायत पत्र दिए थे।

### सीसीटीवी फुटेज से मिलते रहे साक्ष्य, खुलती रहीं परतें

**पीलीभीत।** इस पूरे प्रकरण में एसपी अविनाश पांडेय की ओर से टीम गठित कर कराई गई सुरागरसी खूब काम आई। एसपी खुद भी हर बिंदु पर न सिर्फ पड़ताल करते गए बल्कि एक-एक तर्क से जुड़ा साक्ष्य भी जुटाया गया। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में छात्रा की हकीकत कैद मिलती गई और परिवार की रची झूठी कहानी की परतें खुलती गई। नतीजतन न सिर्फ बेगुनाह साजिश का शिकार होने से बच गए, बल्कि 72 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया गया। कुछ इस तरह से पुलिस की कार्रवाई चली। परिवा ने बताया था कि छात्रा ने 12 जून की शाम साढ़े छह बजे फोन कर जानकारी दी थी कि वह पूरनपुर से अपने गांव जाने के लिए ईको में सवार हो गई है। इस पर पुलिस ने पहले असम चौराहा पर सीसीटीवी चेक किए। जिससे साफ हो गया कि शाम करीब पांच बजे छात्रा असम चौराहा से टाटा मैजिक में सवार हुई और शाम 6 .20 बजे सिरसा चौराहा पूरनपुर पहुंच गई थी। टैक्सी एसोसिएशन से संपर्क किया गया तो पता चला कि पूरनपुर से छात्रा के गांव की तरफ कोई ईको चलती ही नहीं है। शाम पांच बजे से पहले ही मैजिक जाती है, फिर वह भी संचालित नहीं होती। इस बिंदु से ही पुलिस को परिवार की कहानी पर संदेह गहराया। पूरनपुर में भी छात्रा के सकुशल सड़क पर टहलने की फुटेज मिल गई। छात्रा के पिता का एक और मकान शहर में है। वहां पर तीन युवक किराए पर रहते हैं। पुलिस ने एक युवक से पूछताछ की तो पता चला कि जब वह 15 जून को किराया देने के लिए पहुंचा था तो 12 जून से लापता बताई जा रही छात्रा घर पर ही थी। इसके भी साक्ष्य मिल गए।

# लापता युवक का फंदे से लटकता मिला शव

संवाददाता, पूरनपुर

- परिवार ने प्रेम प्रसंग के चलते हत्या करने की जताई आशंका


अमित कुमार।

**अमृत विचार:** लापता युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव फंदे से लटका मिला। परिवार वालों ने प्रेम प्रसंग में हत्या करने की आशंका जताई। पुलिस शव पोस्टमार्टम को भेज छानबीन में जुट गई है।

थाना गजरौला क्षेत्र के गांव बिठौराकलां के रहने वाले भगवानदास का पुत्र अमित कुमार बचपन से ही गांव महद खास में अपने मामा दयाराम पुत्र गंगाराम के यहां रहता था। बताते हैं कि उसका एक युवती से पिछले कई महीने से प्रेम प्रसंग चल रहा था। आरोप है कि 21 जून की दोपहर करीब डेढ़ बजे युवती के पिता ने अमित को फोन किया और बेटी के साथ प्रेम प्रसंग होने की बात कहकर जान से मारने की धमकी दी थी। मामा का कहना है कि इसकी जानकारी अमित ने दी थी।

शाम करीब छह बजे अचानक अमित लापता हो गया। काफी तलाश के बाद उसका कुछ पता नहीं चल सका। रात करीब 12 बजे अमित का शव गांव के बाहर गन्ने के खेत में यूकेलिप्टिस के पेड़ पर फंदे से लटका मिला। जानकारी लगते ही खलबली मच गई। परिजन मौके पर पहुंच गए। सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने रात में ही अमित का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामा दयाराम ने पुलिस को दी तहरीर दी। जिसमें आरोप युवती के घरवालों पर हत्या कर शव पेड़ पर लटकाने का आरोप लगाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। इंस्पेक्टर क्राइम हरसिंह पाल ने बताया कि एक युवक का शव पेड़ पर फंदे से लटका मिला है। सूचना मिलने पर पुलिस गई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही मौत की असल वजह स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल मामले की जांच कराई जा रही है।

# हरिपुर गांव में एक रात में तीन पंपिंग सेट चोरी

**घुंघचिहाई, अमृत विचार:** हरिपुर गांव में चोरों ने तीन किसानों के पंपिंग सेट चोरी कर लिए। घटना शुक्रवार रात को हुई। गांव के ही अरविंद ठाकुर, छिंदर सिंह का खेत नजदीक है। इन दोनों के खेत से पंपिंग सेट चोरी हो गया। दो किमी दूरी पर स्थित गोपालपुर में भी एक पंपिंग सेट चोरी किया गया। बता दें कि दो दिन पहले ही कस्बा घुंघचिहाई के रामकिशन शर्मा का पंपिंग सेट चोरी हुआ था। एसओ विशेष कुमार ने बताया कि सुरागरसी की जा रही है।

## आज का मौसम

आसमान में धूप खिली रहेगी।

| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
|---|---|
| 37.0° | 28.0° |

# जमीन के विवाद में दंपती से मारपीट

**न्यूरिया, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के ग्राम डंडिया में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। देखते ही देखते एक दूसरे पर लाठी डंडे से हमला किया गया। इस घटनाक्रम में गांव के ही अभिषेक, वृंदावन, राजेंद्र आदि पर हमला करने का आरोप गांव के ही राकेश ने लगाया है। इधर, राकेश की पत्नी ललिता देवी से भी मारपीट की गई है। दोनों पक्षों की तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने प्रकरण को लेकर जांच शुरू कर दी है।

# समाधान दिवस में नहीं निपटे जमीन के विवाद


कोतवाली में आयोजित समाधान दिवस में जनसुनवाई करते डीएम, एसपी।

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- जिलाधिकारी ने समाधान दिवस में बिना अनुमति गैरहाजिर रहने वाले कर्मचारियों को चेताया

**अमृत विचार :** जनपद के समस्त थानों में शनिवार को समाधान दिवस का आयोजन किया गया। फरियादियों की संख्या कम रही लेकिन जमीन के विवाद नहीं निपट सके। इसके निस्तारण के लिए पुलिस और राजस्व विभाग को संयुक्त टीम बनाकर समाधान कराने के निर्देश दिए गए।

सुबह दस बजे से दोपहर दो बजे तक समाधान दिवस चला। कोतवाली में इंस्पेक्टर नरेश त्यागी फरियादियों की सुनवाई कर रहे हो। दोपहर में डीएम संजय कुमार सिंह, एसपी अविनाश पांडेय भी कोतवाली पहुंचे और फरियादियों को सुना। कुल 06 शिकायतें आई, जिसमें चार का निस्तारण हो गया। जबकि दो जमीन संबंधी विवाद होने के चलते नहीं निपट सकीं। अन्य थानों में भी जमीन के विवाद की शिकायतों का निस्तारण कराने के लिए संयुक्त रुप से जिम्मेदारी दी गई। डीएम ने कहा कि थाना समाधान दिवस पर कोई भी कर्मचारी बिना अनुमति के अनुपस्थित न रहे। थाना प्रभारी जनसुवाई के दौरान आईं समस्त शिकायतों में संबधित क्षेत्र के राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर जाकर दोनों पक्षों की मौजूदगी में निस्तारण कराएं। कोई भी शिकायत अधिक समय तक लंबित न रहे। सुनगढ़ी थाने में सीओ दीपक चतुर्वेदी ने जनसमस्याएं सुनी। यहां तीन शिकायतें आई, जिसमें से एक का निस्तारण हुआ। एक फरियादी को चक्कर आने लगे। उसे सीओ ने मेडिकल कॉलेज भर्ती कराया। कुछ देर चले इलाज के बाद उसे परिवार वाले घर ले गए। उसका साले से झगड़े का विवाद था, जिसमें वार्ता के बाद सुलह भी हो गई।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली ने टेंपो में मारी टक्कर, चालक समेत पांच घायल

**घुंघचिहाई, अमृत विचार:** धान रोपाई के लिए जा रहे श्रमिकों से भरे टेंपो में ट्रैक्टर ट्रॉली ने टक्कर मार दी। हादसे में टेंपो चालक और पांच अन्य सवारियों को चोटें आई। टेंपो नहर में पलटने से बच गया। इसकी सूचना मिलने पर हुंची पुलिस ने ट्रैक्टर ट्रॉली को कब्जे में ले लिया है। हादसा शनिवार सुबह करीब नौ बजे हुआ। कस्बे के रहने वाले अनिल मौर्य टेंपो चालक हैं। धान की रोपाई करने के लिए सिमरिया और चंदोखा गांव से श्रमिक माधोपुर गांव जाने के लिए टेंपो में सवार हुए। डूडा पुल के पास पहुंचते ही हरदोई ब्रांच नहर की पूर्वी पटरी पर पीछे से आ रही ट्रैक्टर ट्राली ने टेंपो में टक्कर मार दी। हादसे में चालक समेत छह लोग घायल हो गए। टक्कर लगने के बाद टेंपो नहर में पलटने से बचा। एसओ विशेष कुमार ने बताया कि पुलिस के पहुंचने से पहले ही घायल जा चुके थे। ट्रैक्टर ट्रॉली को कब्जे में लिया गया है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# चेयरमैन ने नाला निर्माण व सफाई के हालात देखे

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** मानसून में सड़कों पर जलभराव की समस्या का समाधान कराने के लिए नगर पालिका की ओर से कराया जा रहा नाला निर्माण कार्य अभी भी पूरा नहीं हो सका है। ठेकेदारों पर सख्ती के दावों के बावजूद काम की सुस्त चाल बरकरार है। निर्माण कार्य की हकीकत परखने के लिए चेयरमैन ने निरीक्षण किया। इस दौरान शहर की सफाई व्यवस्था का हाल भी देखा। कुछ जगह कमियां मिलने पर सुधार के निर्देश दिए गए। साथ ही निर्माण कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।

नगरपालिका चेयरमैन डॉ. आस्था अग्रवाल शनिवार दोपहर करीब दो बजे छतरी चौराहा से लेकर गौहनिया चौराहा तक कराए जा रहे नाला निर्माण का निरीक्षण करने पहुंची। नाला निर्माण में बाधा बताई जा रही बिजली की अंडरग्राउंड केबिल को लेकर समाधान तलाशा। नगर पालिका जेई इंद्रजीत और ठेकेदार से जानकारी की। उन्होंने बताया कि नाले का ढाल सही से नहीं बन पा रहा था। क्योंकि नाले के नीचे बिजली के केबिल है। ऐसे में गहराई से नहीं खोदा जा सकता। इस पर बिजली विभाग की टीम को मौके पर बुलाकर अंडरग्राउंड लाइन की गहराई की जानकारी ली। बिजली विभाग के जिम्मेदारों ने बताया कि जिस जगह पर नाले का लेवल ठीक नहीं आ पा रहा है, वहां गहरा खोदा जा सकता है।


छतरी चौराहा पर निर्माणधीन नाले का निरीक्षण करती चेयरमैन डॉ. आस्था अग्रवाल।

- कार्य में बाधा बन रही बिजली की लाइन की समस्या पर तलाशा समाधान

इसके बाद पालिकाध्यक्ष ने नाले का ढाल गहरा बनाने के निर्देश दिए। पालिकाध्यक्ष काला मंदिर से कुम्हारों वाली पुलिया की ओर कराए जा रहे सफाई कार्य को देखने पहुंची। जहां श्रमिकों को नाले की तलीझाड़ सफाई कराने के निर्देश दिए। ताकि बारिश में जलभराव की समस्या न होने पाए। उन्होंने संबधित ठेकेदार को बारिश शुरु होने से पहले नाले की सफाई का काम पूरा करने के निर्देश दिए हैं। चेयरमैन डॉ. आस्था अग्रवाल ने बताया कि नाला निर्माण के बीच बिजली की लाइन समस्या आ रही थी। जिसको दूर कराया गया। साथ नालों की तलीझाड़ सफाई करने के निर्देश दिए हैं।

### बारिश से पहले पूरा न हुआ काम तो बढ़ेगी दिक्कत

चेयरमैन की ओर से दो बार ठेकेदारों को काम जल्द पूरा करने के निर्देश दिए जा चुके हैं। मगर अभी भी काफी काम बाकी है। नये नालों का निर्माण कार्य और पुराने नालों की सफाई का काम भी अभी पूरा नहीं हो सका है। ऐसे में अगर बारिश से पहले काम पूरा न हुआ तो शहरवासियों की दिक्कत बढ़ना तय है। नाला निर्माण के लिए खादे गए गड्ढे ही जलभराव के बाद हादसे का सबब बन सकते हैं। इसकी चिंता भी स्थानीय लोगों और राहगीरों को सता रही है।

# घर से टहलने निकले युवक की ट्रेन से कटकर मौत

**ललौरीखेड़ा, अमृत विचार:** घर से टहलने के लिए निकले युवक की ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई। दूसरे दिन सुबह शव मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जानकारी जुटाई। शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। जहानाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम ललौरीखेड़ा के रहने वाले जमुना प्रसाद का 18 वर्षीय पुत्र ललित कुमार शुक्रवार रात खाना खाकर घर से टहलने निकला था। शनिवार सुबह उसका शव क्षतविक्षत हालत में पीलीभीत-बरेली रेलखंड पर पड़ा मिला। खेत पर जा रहे कुछ ग्रामीणों की शव पर नजर पड़ी तो होश उड़ गए। कुछ ही देर में भीड़ जमा हो गई। परिवार वाले भी आ गए। ट्रेन की चपेट में आकर रात में ही मौत होने की आशंका जताई गई। पुलिस ने मौका मुआयना कर जानकारी की। फिर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। परिवार वालों का जवान बेटे की मौत के बाद रोकर बुरा हाल रहा।

# नहाते वक्त ब्रांच नहर में डूबा मूकबधिर, मौत

संवाददाता, गजरौला

- गजरौला थाना क्षेत्र के शिवनगर गांव में हुआ हादसा

**अमृत विचार:** गांव के बाहर अन्य बच्चों संग नहर में नहाने गया सात वर्षीय बालक डूब गया। शोर पर ग्रामीण जमा हुए और पुलिस भी पहुंच गई। कुछ देर बाद बालक का शव नहर से बरामद किया गया। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजन के सुपुर्द कर दिया। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मचा रहा।

गजरौला थाना क्षेत्र के ग्राम शिवनगर के रहने वाले ओमप्रकाश का सात वर्षीय पुत्र आयुष मूक बधिर था। गांव के बाहर से निगोही ब्रांच नहर गुजर रही है। शनिवार सुबह आयुष गांव के अन्य बच्चों संग नहर की तरफ चला गया। वहां पर कुछ लोग नहा रहे थे। इस पर बच्चे भी नहर में नहाने को उतर गए। पानी अधिक होने पर आयुष डूब गया। मौके पर मौजूद लोगों ने शोर मचाया तो कुछ ही देर में लोग जमा हो गए। इसकी जानकारी मिलने पर परिवार वाले भी आ गए। नहर में बालक की खोजबीन गोताखोरों की मदद से शुरू की गई। 300 मीटर की दूरी से आयुष का शव बरामद कर लिया गया। बेटे की मौत पर परिवार में चीख पुकार मच गई। सभी का रोकर बुरा हाल रहा। परिचित और रिश्तेदार परिवार को ढांढस बंधाने में जुटे रहे। चाचा ईश्वर प्रसाद ने पुलिस को तहरीर देकर पोस्टमार्टम कराने की मांग की। इस पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया। मृतक के पिता मजदूरी करने गुजरात गए हुए हैं। वह तीन भाई बहनों में सबसे छोटा था। उसके बड़ी बहनें मीनाक्षी (11), सोनाक्षी (9) हैं। बेटे की मौत के बाद मां ममता देवी का रोकर बुरा हाल रहा

# नवजात की कैसे हुई मौत एसीएमओ ने शुरू की जांच

संवाददाता, पूरनपुर

- सीएचसी में स्टाफ नर्स पर पांच हजार रुपये लेकर जबरन प्रसव कराने का लगा है आरोप

**अमृत विचार:** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रुपए लेने के बाद भी स्टाफ नर्स ने गलत तरीके से प्रसव कर दिया था। जिससे नवजात की हालत बिगड़ गई थी। निजी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत होने पर परिजनों में स्टफ नर्स पर रुपये लेने समेत कई गंभीर आरोप गए। इन गंभीर आरोपों से जुड़ी शिकायत मिलने पर अपर मुख्य चिकित्साधिकारी (एसीएमओ) शनिवार को सीएचसी पहुंचे और मामले की गहनता से जांच पड़ताल की। उन्होंने स्टाफ नर्स और आशा के बयान दर्ज किए।

कोतवाली क्षेत्र के गांव जेठापुर खुर्द के रहने पवाले अशोक कुमार ने बीते 18 जून को गर्भवती पत्नी नीरज देवी को प्रसव पीड़ा होने पर पूरनपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया था। आरोप है सीएचसी में तैनात स्टाफ नर्स ने उनके मना करने के बावजूद लापरवाही से प्रसव करा दिया जिससे नवजात की हालत बिगड़ गई। इस दौरान उपचार के नाम पर उनसे पांच हजार रुपए भी सीएचसी में लिए गए। कुछ समय बाद जब हालत बिगड़ने लगी तो स्टाफ नर्स ने आनन-फानन में प्रसूता और नवजात को निजी अस्पताल भेज दिया था। पीलीभीत के एक निजी अस्पताल में 20 जून को नवजात की मौत हो गई। निजी अस्पताल के डॉक्टर ने लापरवाही से प्रसव कराने के बारे में बताया।

अशोक कुमार ने सीएचसी की स्टाफ नर्स और आशा के खिलाफ एसडीएम से शिकायत की। शनिवार को अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर हरिदत्त नेमी इस मामले की जांच करने के लिए पूरनपुर सीएचसी पहुंचे। उन्होंने प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अनिकेत गंगवार से प्रकरण की जानकारी ली तो उन्होंने ऐसे किसी मामले की जानकारी न होना बताया। जिस स्टाफ नर्स पर आरोप लगाए गए एसीएमओ ने उसके बयान दर्ज किए। इसके अलावा सीएचसी में गर्भवती महिला को लाने वाली आशा से भी पूछताछ की। एमओआईसी डा. अनिकेत गंगवार ने बताया कि एसीएमओ मामले की जांच के लिए पहुंचे थे। सीएचसी में लापरवाही से प्रसव कराने के मामले के अलावा निजी अस्पताल में गर्भस्थ शिशु की मौत की शिकायत के मामले में जांच भी जांच पड़ताल की।

सहूलियत

43 करोड़ से पीलीभीत से खुटार तक बनेगी सड़क, गड्ढे दुरुस्त करने का तेजी से शुरू हुआ कार्य

# असम हाईवे पर जल्द रफ्तार भरेंगे वाहन, नवीनीकरण का काम शुरू

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** बदहाल असम हाईवे के दिन बहुरने वाले हैं। करीब 43 करोड़ रुपए से पीलीभीत से खुटार तक मार्ग के नवीनीकरण कार्य शनिवार से शुरू कर दिया गया है। अफसरों का दावा है जल्द नवीनीकरण का काम पूरा होगा।

जनपद के प्रमुख मार्गों में शुमार असम हाईवे धीरे-धीरे बदहाल होता जा रहा है। हाईवे पर जहां-तहां गड्ढे होने के साथ ही दरारें पड़ चुकी है। कई स्थानों पर हाईवे के किनारे ही बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। इससे हाईवे से गुजरने वाले वाहन चालकों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिस हाईवे पर वाहनों को दौड़ना चाहिए, उसी हाईवे पर वाहन रेंगते नजर आते हैं।


असम हाईवे पर नवीनीकरण कार्य शुरू करने से पहले गड्ढों को दुरुस्त करते मजदूर।

- अफसर बोले, आचार संहिता लगने से पूर्व मिली थी शासन से मंजूरी

हालांकि हाईवे को दुरुस्त करने के लिए एनएच द्वारा बीच-बीच में पैचवर्क भी कराया जाता है, मगर कुछ समय बाद हालत जस की तस हो रही है। लोकसभा चुनाव से पूर्व बदहाल होते जा रहे हाईवे के नवीनीकरण को लेकर एनएच द्वारा प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा गया था। शासन ने भेजे गए प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए करीब 43 करोड़ रुपये का बजट भी मंजूर कर दिया। इसके बाद एनएच द्वार टेंडर प्रक्रिया शुरू की गई थी। इसमें मात्र वित्तीय बिड होना ही शेष रह गया था कि इस बीच लोकसभा चुनाव को लेकर आदर्श आचार संहिता लगा दी गई।

### नई लेयर बिछाने से पूर्व हाईवे पर शुरू हुआ तेजी से कार्य

एनएच के अधिकारियों के मुताबिक असम हाईवे पर पीलीभीत से खुटार तक करीब 80 किलोमीटर नवीनीकरण का कार्य कराया जाएगा। इधर नवीनीकरण कार्य शुरू करने से पूर्व हाईवे के गड्ढों और क्रेकिंग आदि को दुरुस्त करने का कार्य शनिवार से शुरू कर दिया गया है। एनएच अधिकारियों के मुताबिक हाईवे पर नई लेयर बिछाने से पूर्व हाईवे को दुरुस्त किया जा रहा है, ताकि नवीनीकरण कार्य गुणवत्तापरक हो सके।

### 80 किलोमीटर के हिस्सा का होना है नवीनीकरण

पीलीभीत से खुटार तक करीब 80 किलोमीटर के हिस्से का नवीनीकरण कराया जाएगा। बरेली क्षेत्र में खुटार तक ही हाईवे आता है। नवीनीकरण हो जाने से लोगों को सुविधा मिल सकेगी। पीलीभीत से पूरनपुर के मध्य हाईवे पर कई पुल पड़ते है। इसमें हरदोई ब्रांच नहर पर दूसरा पुल बन रहा है। इसके अलावा अन्य पुलों पर हालत खराब हैं। गजरौला में माला नदी पर बने पुल के गर्डर उभरकर ऊपर आ गए हैं। इससे वाहनों को ठोकर लग रही है।

> असम हाईवे पर पीलीभीत- खुटार के बीच नवीनीकरण कार्य की मंजूरी तो पहले ही मिल चुकी है। करीब 43 करोड़ रुपये का टेंडर हुआ है। काम शुरू कर दिया गया है। ठेकेदार नई लेयर बिछाने से पूर्व हाईवे पर गड्ढे और क्रेकिंग आदि दुरुस्त करने का कार्य शुरू करा है। जल्द काम पूरा होने की उम्मीद है।
>
> **- शशांक भार्गव, अधिशासी अभियंता, एनएच**

# किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट

**बीसलपुर, अमृत विचार:** प्रेमजाल में फंसाकर किशोरी को फुसलाकर ले जाने की रिपोर्ट महिला ने दर्ज कराई है। कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली महिला की ओर से दी गई तहरीर में उसने बताया कि वह अपने परिवार के साथ एक भट्टे पर ईट पथाई का काफी समय से काम करती हैं। बीते दिनों भी वह काम पर गई हुई थी। इस बीच बेटी का संपर्क मोहल्ला दुबे के रामकिशोर से हो गया। वह भी भट्टे पर महिला के साथ काम करता था। महिला के मुताबिक वह भट्टे पर भी थी इसका फायदा उठाते हुए आरोपी ने उसकी नाबालिग बेटी को प्रेमजाल में फंसाया और बहला फुसलाकर पने ले गया। पुलिस महिला की तहरीर पर युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है।

## एक नजर

### ग्रामीण को धारदार हथियार से किया घायल

निगोही : गांव अजीजपुर के रामकिशन ने बताया शुक्रवार रात करीब आठ बजे वह ट्यूबवेल पर था। तभी गांव के कुछ लोग आए और गाली देने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने धारदार हथियार से प्रहार कर उसे घायल कर दिया। शोर-शराबा सुनकर भाई व खेत पर काम कर रहे अन्य लोग आ गए। जिन्हें देखकर आरोपी भाग गए। पीड़ित ने मामले की तहरीर दी है। पीड़ित ने बताया कि भागते समय आरोपियों की चप्पलें और शर्ट छूट गई।

### बड़ा सूर्या और मणिकांत ने भी संभाला मोर्चा

पीलीभीत। बासखेड़ा गांव में बाघ के हमले में किसान की मौत मामले में डीएफओ के निर्देश पर दो टीमों और पांच कैमरे लगाने के अलावा निगरानी के लिए दो हाथियों को भी लगाया गया है। दोनों हाथियों बड़ा सूर्या और मणिकांत को घटना से संबंधित जंगल सीमा पर लाया गया। जो बाघ से मोर्चा संभालेंगे।

### साठगांठ के लग रहे आरोप, दो साल से समस्या बरकरार फिर भी नगर पंचायत ने ठेकेदार को कर दिया 19 लाख रुपये का भुगतान

# जेई ने जांच रिपोर्ट में बहा दी जलधारा, टोटियों से पानी की बूंद को तरस रहे ग्रामीण

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार :** ग्राम पंचायत से नगर पंचायत का दर्जा मिलने के बाद नौगवां पकड़िया के लोगों को उम्मीद थी कि उन्हें बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। लेकिन हालात सुधरते नहीं दिख रहे। एक साल पहले यहां बंद पड़ी पेयजल लाइन चालू करने के लिए करीब 40 लाख रुपये का बजट खर्च किया गया। उस वक्त पाइप लाइन मरम्मत के नाम पर जब बजट ठिकाने का शोर मचा तो जांच बैठा दी गई।

मगर, गठजोड़ इतना मजबूत था कि जांच कर रहे जेई ने अपने अभिलेखों में मरम्मत की हुई पाइप लाइन से जलधारा बहाते हुए ओके रिपोर्ट दे दी। इस आधार पर ठेकेदारका बकाया भुगतान कर दिया गया। मगर, धरातल पर पानी की टोटियां अभी भी सूखी पड़ी है। नगर पंचायत नौगवां पकड़िया में वर्ष 2012 से पहले जल निगम ने पेयजल आपूर्ति के लिए ओवरहैड टैंक का निर्माण कराया था। पाइप लाइन डाली गई। जिसके लिए पांच करोड़ रुपये का बजट खर्च हुआ था। उस वक्त नौगवां पकड़िया ग्राम पंचायत थी। अब इसे नगर पंचायत का दर्जा मिल चुका है। जिसके बाद पाइप लाइन चालू करने को नगर पंचायत ने एक साल पहले करीब चालीस लाख रुपसे का टेंडर निकाला था। जिसमें ओवरहेड टैंक और पाइप लाइन की मरम्मत, दो किलोमीटर के दायरे में नई पाइप लाइन और घरों में कनेक्शन करने के बाद पेयजल को चालू करने का काम शामिल किया था। बताते हैं कि यह टेंडर बरेली के एक कांट्रेक्टर को दिया जिसने खेल कर दिया। कुछ स्थानों पर मरम्मत करते हुए घरों में कनेक्शन कर दिए।

जिम्मेदारों ने भी ठेकेदार को करीब 20 लाख रुपये का भुगतान बगैर सत्यापन करा दिया। जब लोगों को कनेक्शन होने के बाद पानी नहीं मिला तो उन्होंने मामले की शिकायत की। जिसके बाद अफसरों ने जांच का आश्वासन दिया। ईओ ने जेई को जांचधिकारी बनाया। उसने जनता की बात को झूठ साबित करते पनी रिपोर्ट में लाइन से जलधारा बहाते हुए भुगतान की स्वीकृति कर दी। इसके बाद ठेकेदार पर मेहरबान अफसरों ने शेष 19 लाख का भुगतान भी कर दिया। मगर, हकीकत यह है कि नगर पंचायत कार्यालय के पास बने आवासों में भी पानी की एक बूंद नहीं मिल सकी, जबकि वार्ड नंबर नौ में तो लाइन को ही ठीक नहीं कराया गया है।


सूखी टोटी को दिखाता मकान स्वामी।



नौगवां पकड़िया में बना ओवरहैड टैंक।

### मरम्मत के नाम पर डकार गए बजट


ग्राम पंचायत से जब नगर पंचायत बनी थी। तब लगा था क्षेत्र का विकास होगा, लेकिन ऐसा नहीं हो सका। पाइप लाइन की मरम्मत के नाम पर सिर्फ लाखों रुपये का बजट ठिकाने लगा दिए गए। मगर घरों में पानी अभी तक नहीं मिल सका है। **-शाहिद बख्श,** नौगवांवासी


नौगवां पकड़िया के लोग मूलभूत सुविधाओं से अभी भी वंचित हैं। अभी भी नगर पंचायत में सड़कें बदहाल है और पानी की टंकियों में पानी नहीं आ रहा है। कुछ जगह मरम्मत कराई गई थी। लेकिन पानी फिर भी नहीं आया। जबकि भुगतान कर दिया गया है। **- मुन्नी बेगम,** नौगवांवासी


पड़ोस की गली में पाइप लाइन डाली गई है। साथ ही घरों में कनेक्शन भी दिए गए थे। मगर इसके बाद भी पानी नहीं मिल रहा है। शिकायत के बाद भी कोई सुनने को तैयार नहीं हैं। इसका कोई असर धरातल पर दिखाई नहीं दे रहा है। इन दिनों गर्मी की मार के बीच पानी के लिए भी परेशान होना पड़ता है। **- इरफान,** नौगवांवासी


गर्मी का मौसम है मगर क्षेत्र में पानी की कोई सुविधा मौजूद नहीं है। पूर्व में बनी टंकी और लाइन की मरम्मत कराई गई थी। लेकिन अभी तक पानी नहीं मिल सका है। न ही सरकारी हैंडपंप सही हालत में है। जिनसे पीने का पानी लिया जा सके। **- फैयाज खान**

> नगर पंचायत की ओर से पुरानी लाइन की मरम्मत का कार्य कराया गया था। शिकायत मिली थी कि पानी नहीं आ रहा है। जिसकी जांच कराई गई थी। जांच में जेई ने यह स्पष्ट किया है कि कुछ स्थानों पर लीकेज की समस्या है बाकी पानी आ रहा है। जिसके आधार पर भुगतान किया गया है। अगर ऐसा है तो जांच कराई जाएगी।
> **- एजाज अहमद,** ईओ नगर पंचायत नौगवां पकड़िया

# बेटे से छीना मोबाइल लेने गए पिता को मौत के घाट उतारा

## पुलिस ने धारदार हथियार से वार करने वाले मुख्य आरोपी को हिरासत में लेकर काफी देर की पूछताछ

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचार:** बेटे के हाथ से मोबाइल छीनकर भागे आरोपी का पीछा करने गए पिता पर हमला कर दिया गया। उसकी पिटाई की गई। धारदार हथियार से वार किए। जिसमें पिता की मौत हो गई। पुलिस ने तीन हमलावरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। एक आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है। शव पोस्टमार्टम को भेज पुलिस छानबीन कर रही है।

थाना सेहरामऊ उत्तरी क्षेत्र के गांव बुधेली के सर्वेश (32) पुत्र हीरालाल मजदूरी करते थे। शुक्रवार की शाम वह अपने घर पर बड़े बेटे शोभित के साथ बैठे हुए थे। बेटा शोभित मोबाइल चला रहा था। इस बीच गांव का सोनू उसके घर पहुंचा और शोभित के हाथ से मोबाइल छीनकर भागने लगा। उसके पीछे सर्वेश दौड़ते हुए मोबाइल वापस लेने आरोपी के घर पहुंच गए।

आरोप है कि सोनू अपने घर के बाहर रूका और सर्वेश पर धारदार हथियार से वार कर दिए। बेटे ने पिता को बचाने का प्रयास किया तो उस पर भी हमला करने की कोशिश की। शोर मचाकर परिवार के अन्य सदस्यों को बुलाया। आरोपी सर्वेश को मरणासन्न अवस्था में छोड़कर भाग गया। परिवार वाले मौके पर पहुंचे और आनन-फानन में पूरनपुर सीएचसी ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद सिर में अधिक चोट होने पर उसे मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। रास्ते में सर्वेश की मौत हो गई। उधर, वारदात की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी कर रात को ही शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेज दिया। शनिवार सुबह पुलिस ने पड़ोस के गांव नवदिया से आरोपी सोनू को हिरासत में ले लिया। मृतक सर्वेश के पिता हीरालाल की ओर से सोनू समेत तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई। पूरनपुर सीओ आलोक सिंह का कहना है कि एफआईआर दर्ज कर ली गई है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मुख्य आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।


विलाप करते मृतक के परिजन।


पिता की मौत के बाद गमगीन बच्चे।


घटना के बाद गांव में लगी भीड़। ● अमृत विचार

● सेहरामऊ उत्तरी थाना क्षेत्र के ग्राम बुधेली में हुई वारदात


मृतक सर्वेश।

### क्रिकेट बैट लेकर घूमता रहा आरोपी

बताते हैं कि घटना की सूचना मिलने पर यूपी 112 पुलिस मौके पर पहुंची थी और आरोपी सोनू को पकड़ लिया था। उसे एक चौकीदार के सुपुर्द कर दिया गया। इसके बाद चौकीदार चला गया और सोनू गांव में ही घूमता रहा। हालांकि बाद में पुलिस ने उसे पकड़ लिया था। इतना ही नहीं घटना करने के बाद शनिवार सुबह आरोपी सोनू गांव में क्रिकेट बैट लेकर घूमता रहा। उसने कई लोगों को धमकाया और सर्वेश के बेटे शोभित को भी मारने की धमकी दी। विरोध करने पर उसने ग्रामीणों पर भी हमला करने का प्रयास किया था।

### तड़पते की मदद नहीं वीडियो बनाते रहे लोग

सोनू की ओर से धारदार हथियार से कई प्रहार किए गए। जिसमें सर्वेश के सिर में गहरे घाव हो गए थे। वह अचेत होकर गिर गया। घटना की जानकारी के बाद कुछ लोग मौके पर पहुंचे। आरोप है कि उसे अस्पताल ले जाने के बजाय वह अपने मोबाइल से तड़प रहे सर्वेश का वीडियो बनाते रहे। इसे संवेदनहीनता से जोड़कर देखा जा रहा है।

### दवा लेने पीलीभीत गई थी पत्नी

मृतक सर्वेश के भाई मनोज के घर बेटे का जन्म हुआ है। नवजात की तबीयत बिगड़ने पर गुरुवार को मनोज, सर्वेश और उसकी पत्नी कुसुमा नवजात की दवा लेने पीलीभीत गए थे। वहां नवजात को भर्ती कर लिया। इस पर मनोज और कुसुमा अस्पताल में रुक गए। सर्वेश अस्पताल से घर वापस आया। देर शाम विवाद हुआ और उसकी हत्या कर दी गई।

## वसूली में लापरवाही बरतने पर संग्रह अमीन निलंबित

**पुवायां, अमृत विचार :** एसडीएम संजय कुमार पांडेय ने राजस्व वसूली व न्यायालय की ओर से जारी भरण पोषण वसूली में लापरवाही बरतने व लगातार अनुपस्थित रहने के कारण संग्रह अमीन निरंकार को निलंबित कर दिया।

एसडीएम ने इस मामले का जांच अधिकारी नायब तहसीलदार पुवायां को नियुक्त किया। एसडीएम ने बताया जांच रिपोर्ट के मुताबिक संग्रह अमीन निरंकार ने हरनाई गांव के अजय कुमार जुलाई 2023 को छह हजार रुपये व अक्टूबर 2023 में सात 7 हजार रुपये लिए थे। इसके बदले रसीद भी दी, लेकिन धनराशि कोष में जमा न कर गबन किया। वह लगातार अनुपस्थिति रहने के साथ वसूली नहीं कर रहे थे। न्यायालय की ओर से 6 जुलाई 2023 को 36 हजार की आरसी उदयवीर पुत्र गजराज सिंह के खिलाफ जारी की गई थी। भरण पोषण आरसी की वसूली नहीं की गई और न ही वसूली का कोई प्रयास किया गया। निलंबित किए गए अमीन को आदेश किया कि वह तहसील मुख्यालय से सम्बद्ध रहेंगे। बिना सूचना दिए मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे।

# सोलर पंप बुक कराने के बहाने सिपाही से सवा लाख रुपये ठगो

कार्यालय, शाहजहांपुर

● पुलिस ने अज्ञात के नाम दर्ज की रिपोर्ट, आरोपी की तलाश जारी

**अमृत विचार :** पुलिस लाइन में तैनात सिपाही से सोलर पंप बुक कराने के नाम पर 1 लाख 26 हजार 178 रुपये ठग लिए। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस ने दोनों मोबाइल सर्विलांस पर लगा दिए है।

जिला रामपुर के थाना टांडा के गांव हमीरपुर निवासी भारत सिंह ने बताया कि वह पुलिस विभाग में सिपाही के पद पर कार्यरत है। उसकी पुलिस लाइन में पोस्टिंग है। उन्होंने प्रधानमंत्री कुसुम योजना के अंतर्गत सोलर पंप का पंजीकरण अपने पिता धर्मपाल सिंह के नाम से कराया था। 5 मई 24 को उन्होंने पांच हजार रुपये जमा करके सोलर पंप बुक कराया था। 13 जून को उसके भाई के पास किसी का फोन आया कि सोलर पंप के बकाया धनराशि 82178 रुपये शेष है और एग्रीकल्चर बैंक खाता पर जमा करनी है। धनराशि जमा करने के बाद सोलर पंप का टोकन कृषक के नाम से जारी हो जाएगा।

तीन दिन में सर्वे करके सोलर पंप लग जाएगा। उसके भाई ने फोन करके उसे पूरी जानकारी दी। उन्होंने एग्रीकल्चर बैंक खाते में 82178 रुपये डाल दिए थे। सिपाही भारत सिंह ने बताया कि अनिल कुमार के नाम से उनके पास भी फोन आया। फोन करने वाले व्यक्ति कहा कि तीन एचपी सोलर पंप की बुकिंग की गयी थी। उसने कहा कि पांच एचपी सोलर पंप लेते है तो 44 हजार रुपये और देने होगे, जिसकी सौ प्रतिशत सब्सिडी वापस हो जाएगी। उन्होंने बताए गए खाते पर 44 हजार रुपये और डाल दिए। सिपाही भारत सिंह ने सोलर पंप के लिए एक लाख 26 हजार 178 रुपये खाते में डाल दिए थे। पीड़ित सिपाही ने एक सप्ताह बाद दोनों मोबाइल पर संपर्क किया तो दोनों मोबाइल स्विच ऑफ थे। उन्होंने आरोप लगाया कि सोलर पंप के नाम से एक लाख 26 हजार 178 रुपये ठग लिए है। प्रभारी निरीक्षक रवीन्द्र सिंह ने बताया कि अज्ञात में रिपोर्ट दर्ज कर ली है और दोनों मोबाइल नंबर को सर्विलांस पर लगा दिया गया है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

## चोरी की बाइक के साथ पकड़े गए दो सगे भाई, जेल भेजा

संवाददाता, पूरनपुर

● एक महीने पहले स्टेशन रोड से चोरी हुई थी बाइक

**अमृत विचार:** एक माह पूर्व स्पेयर पाट्र्स की दुकान के सामने से चोरी हुई बाइक को पुलिस ने बरामद कर लिया। बाइक शाहजहांपुर के दो भाइयों ने चोरी की थी। एफआईआर दर्ज कर दोनों को जेल भेज दिया है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर के रहने वाले सोनू पांडेय कस्बे के स्टेशन रोड पर मौजूद स्पेयर पाट्र्स की दुकान पर सामान खरीदने आए थे। बाइक को सड़क किनारे खड़ी कर वह दुकान के अंदर चले गए। इस बीच उनकी बाइक चोरी हो गई थी। सोनू पांडे ने पुलिस को तहरीर देकर बाइक बरामद करने की मांग की थी। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही थी। शुक्रवार को पुलिस ने एक सूचना पर दबिश दी। बाइक समेत दो आरोपियों को पकड़ लिया। पकड़े आरोपियों में शाहजहांपुर का राशिद और शाहिद है। दोनों सगे भाई हैं। कस्बा इंचार्ज प्रद्युम्न कुमार ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेज दिया है।


पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

## ऑटो-पिकअप की भिड़ंत में एक की मौत, पांच घायल

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** मोहम्मदी रोड पर गांव मुकरमपुर के पास शनिवार शाम करीब 3:30 बजे एक ऑटो और पिकअप में टक्कर हो गई। इस घटना में थाना रोजा के गांव भावलखेड़ के 18 वर्षीय शादाब पुत्र ताहिर अली, कटिया रज्जब निवासी 46 वर्षीय रिजवान पुत्र राशिद खान तथा रोजा के जानकीनगर निवासी 36 वर्षीय आसमा पत्नी हारून अली और उनके बच्चे सात वर्षीय आजम उर्फ तैयब, 12 वर्षीय आलम, 10 वर्षीय मोहम्मद अली घायल हो गए। जिन्हें जिला चिकित्सालय भेजा गया। जहां शादाब पुत्र ताहिर अली की अस्पताल जाते ही मृत्यु हो गई। संबंधित पिकअप को पुलिस ने कब्जे में ले लिया।

## सरकारी स्कूल परिसर में युवक का शव मिलने से सनसनी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सरकारी स्कूल में युवक का शव पड़ा मिला है। परिजनों ने सौतेले भाइयों पर हत्या का आरोप लगाया है।

● सौतेले भाइयों पर परिजनों ने लगाया हत्या करने का आरोप

मदनापुर थाना क्षेत्र के गांव बरीखास के शैलेंद्र सिंह (35) का शव शनिवार भोर में गांव के निकट प्राथमिक विद्यालय परिसर में मिला। सूचना मिलने पर शैलेंद्र का भाई वरुण पहुंचा और शव की शिनाख्त की। सूचना मिलने पर एसओ अमित चौहान भी मौके पर जा पहुंचे। वरुण ने बताया कि उसके पिता जयहिन्द पाल ने दूसरी शादी की थी। वह परिवार के साथ गांव में रहते है। शैलेंद्र सिंह उसके पास लोदीपुर में रहता था। वह 20 दिन पहले गांव अपने पिता के पास रहने के लिए आया था। वह कस्बा में एक ढाबे पर काम करता था। उसका मोबाइल गायब है। आरोप है कि सौतेले भाई पिता से सारी जमीन लेना चाहते हैं। वरुण जब अपने पिता से जमीन मांगता था तो वह देने से मना कर देते थे। उसने सौतेले भाइयों पर हत्या का आरोप लगाया है। एसओ अमित सिंह ने बताया कि मृतक शैलेंद्र के शरीर पर चोट के निशान नहीं है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# ईंट भट्ठा में पार्टनरशिप के नाम पर ठगी करने वाले दो लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय, शाहजहांपुर

● मोहल्ला एमनजई जलालनगर के अरीब से 4.45 लाख की हुई ठगी

**अमृत विचार:** ईंट भट्ठा में पार्टनरशिप के नाम पर एक व्यक्ति से दो लोगों ने पांच लाख रुपये ले लिए थे। कुछ दिन बाद 15 हजार रुपये लौटा दिए। इसके बाद उसके न तो बाकी रुपये वापस किए गए और ना ही पार्टनरशिप की जा रही है। उल्टे धमकी दी जा रही है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला एमनजई जलालनगर निवासी मोहम्मद अरीब खान ने बताया कि 25 फरवरी को मोहल्ले के सईद हसन खां व मोहम्मद फैसल खां निवासी रंगीन चौपाल थाना सदर बाजार उसके घर आए। उन लोगों ने उसके पिता जहीर हसन से कहा कि गांव रेभा में शान ब्रिक फील्ड नाम का ईंट भट्टा है, जो उन्होंने किराये पर लिया है। उन्होंने कहा भट्टा चलाने के लिए रुपयों की जरूरत है। उन दोनों लोगों ने मोहम्मद अरीब खान से 50 प्रतिशत की पार्टनरशिप करने को कहा। उन लोगों ने कहा कि भट्ठा मालिक मैसूर हसन से दूसरा किरायानामा आपके नाम करवा देंगे। इस तरह उन दोनों लोगों ने उसे विश्वास में ले लिया। उनकी बातों में आकर उन्होंने पांच लाख रुपये 28 फरवरी को मोहम्मद सईद व फैसल को दे दिए। आरोप है कि बाद में दोनों लोगों ने भट्ठा का किरायानामा उनके नाम लिखने से मना कर दिया। आरोपियों ने कुछ रुपये वापस कर दिए। चार लाख 45 हजार रुपये अभी बाकी हैं। पीड़ित ने रुपये लौटाने को कहा तो आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक रवीन्द्र सिंह ने बताया कि आरोपी सईद हसन तथा मोहम्मद फैसल के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# आपकी मेहनत बनी मेरे जीवन का अध्याय, तेजी से होगा जिले का विकास

संवाददाता, बीसलपुर (पीलीभीत)

● केंद्रीय राज्यमंत्री एवं पीलीभीत सांसद का हुआ स्वागत कार्यक्रम

● जनता का आभार, कार्यकर्ता-समर्थकों में भी दिखा उत्साह

**अमृत विचार:** केंद्रीय राज्यमंत्री एवं पीलीभीत सांसद जितिन प्रसाद शनिवार को जनपद में आए और कई जगह आयोजित कार्यक्रमों में शामिल हुए। लोकसभा चुनाव में भारी मतों से दिलाई गई जीत पर आभार जताया और क्षेत्र का विकास की बात कही।

केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद के आगमन पर स्टेशन मार्ग स्थित अग्रवाल सभा भवन में कार्यक्रम की तैयारियां पूर्व में ही कर ली गई थी। उनके पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। महिला मोर्चा की आरती गुप्ता ने तिलक लगाकर स्वागत किया। केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने कहा कि जिन कार्यकर्ताओं ने इतने कम समय में मतदान के दिन बूथ संभाले, चुनाव में मेहनत की ..ऐसे लोगों को वह कभी भूल नहीं पाएंगे। वह सदैव आदर के पात्र रहेंगे। उन्होंने क्षेत्र की जनता से दिल की गहराइयों का संबंध बताया। कहा कि जनता ने अपना विशाल हृदय मेरे लिए खोला इसी का यह परिणाम है कि मैं इस जगह पहुंचा हूं।

आपकी मेहनत मेरे जीवन का अध्याय बन गई है। चुनाव में आपने जिम्मेदारी निभाई। आपने सांसद चुना और मोदी जी ने मंत्री बनाकर आपकी सेवा के लिए भेज दिया है। अब क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता पर लेते हुए काम कराया जाएगा। इससे पहले ग्राम टिकरी, रम्पुरा चौराहा, ईदगाह चौराहा आदि स्थानों पर भी लोगों ने फूल मालाओं से उनका स्वागत किया।


बीसलपुर में हुए कार्यक्रम को संबोधित करते केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद।

### जितिन बोले- बरखेड़ा की तो पूरे प्रदेश में हो रही चर्चा

बरखेड़ा के ब्लॉक चौराहे पर केंद्रीय राज्य मंत्री का नगर पंचायत के चेयरमैन श्याम बिहारी भोजवाल, राहुल शर्मा, मुकुल शर्मा, सुमित शर्मा, संजीव शर्मा आदि ने स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि विधानसभा बरखेड़ा की चर्चाएं पूरे प्रदेश में हो रही हैं। क्योंकि बरखेड़ा विधानसभा के मतदाताओं ने 78 हजार वोटो से जीत दिलाई है। इसके लिए धन्यवाद, आभार .. व्यक्त करने सबसे पहले आया हूं। कहा हम सभी लोग मिलकर जनता की सेवा करेंगे। बोले- हमसे मिलने कई लोग दिल्ली पहुंच गए थे। जो लोग दिल्ली जा नहीं पाए थे उनमें से कुछ लोग आज यहां हमसे मिलने आ गए हैं।

### केंद्रीय मंत्री ने पौधरोपण के लिए किया जागरूक



पीलीभीत। केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने जनपद आगमन पर पौधरोपण कर हरियाली का भी संदेश दिया। कस्बा बरखेड़ा में डॉ. सौरभ शर्मा की ओर से आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में शामिल हुए। परिसर में पौधारोपण किया। हरियाली का महत्व बताया और फिर मौजूद ग्रामीणों को भी पौधे वितरित किए गए। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष संजय प्रताप सिंह,बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद भी मौजूद रहे।

### बिलसंडा में भी हुआ जोरदार स्वागत

जितिन प्रसाद का सर्मथकों और कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि बिलसंडा से मेरा रिश्ता दिल का है, क्योंकि यहां मेरा घर है। खदनिया बाबा देव स्थल पर भाजपा मंडल अध्यक्ष विक्रम गंगवार, सुमित गुप्ता, अजय जायसवाल, अरविंद शुक्ला आदि ने स्वागत किया गया। पूर्व चेयरमैन अटल सिंह जायसवाल, रामकिशोर प्रजापति, सुमित जायसवाल ने अपने आवास, बंडा रोड पर व्यापारी पंकज जायसवाल, विक्रम नरेश जायसवाल, आलोक, बन्टू जायसवाल, आदेश, संजीव अवस्थी, महेंद्रपाल आदि ने राम दरबार भेंट की। भाजपा मंडल कार्यालय पर विक्रम गंगवार, अनिल, अटलविहारी मिश्रा, बलवीर सिंह आदि ने स्वागत किया।



भगन्दर, बवासीर

सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा

सुश्रुत क्लीनिक

क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग [COLO-RECTAL-CENTER]

28.बी., एकता नगर स्टेडियम रोड, बरेली

9897030475
9411221895
7060162071



डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)

B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी (I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ आयुष मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली
भू,पू, वरिष्ठ लेक्चरार एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine

45 वर्षों का कुशल अनुभव



डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)

B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ

बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस

गुदा रोगों के लक्षण

मलद्वार से खून मवाद आना गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना

समय
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
रविवार
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश



सैक्स रोगी मिलें

सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान



डॉ. रफीक

समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)
बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913

नामर्दी Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।

ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।

- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना

35 वर्षों का अनुभवी आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।

ALA Herbal

ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान

कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)



धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Streess, Depression में लाभ करता है।

यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है

Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।

Helpline No. 8439818102 7451039913

स्टॉकिस्ट आरोग्य सदन बरेली 9837007202


# बच्ची से दुष्कर्म का आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार, सिपाही के लगी गोली

## 14 जून को घर के बाहर खेल रही बच्ची को भुट्टा खिलाने के बहाने ले जाकर खेत में किया था दुष्कर्म

संवाददाता, कादरचौक/बदायूं

**अमृत विचार :** कादरचौक थाना क्षेत्र के एक गांव में 10 साल की बच्ची को खेत पर ले जाकर दुष्कर्म करने के आरोपी को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। मुठभेड़ के दौरान आरोपी के पैर में गोली लगी वहीं एक सिपाही भी गोली लगने से घायल हो गया। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

एक गांव निवासी 10 साल की बच्ची 14 जून को घर के बाहर खेल रही थी। गांव मौसमपुर निवासी वीरेश यादव भुट्टा खिलाने के बहाने उसे खेत में ले गया। जहां उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। पीड़िता के पिता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई। बच्ची का राजकीय मेडिकल कॉलेज में इलाज कराया गया। शनिवार को भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष ने फोन पर मुख्यमंत्री से बात की। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी की तलाश तेज कर दी। आरोपी के परिचितों से हिरासत में लेकर पूछताछ की। सर्विलांस से तलाश की जा रही थी। शनिवार शाम पुलिस को आरोपी की लोकेशन गांव खिरिया बाकरपुर के जंगल में मिली। पुलिस वहां पहुंची तो आरोपी ने फायरिंग शुरू कर दी। जिससे दाएं हाथ में गोली लगने से सिपाही मोहित कुमार घायल हो गया।



सीएचसी पर दुष्कर्म के आरोपी का इलाज करता स्टाफ।

- मुख्यमंत्री से मिली थीं पूर्व सांसद डॉ. संघमित्रा, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष ने फोन पर की थी बात



आरोपी की गोली से घायल सिपाही मोहित कुमार।

पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग शुरू कर दी। आरोपी के पैर में गोली लगी। वह घायल हो गया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से तमंचा और कारतूस बरामद हुए। वह सन्यासी का रूप धरकर गांवों में घूम रहा था। पुलिस उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई लेकिन हालत गंभीर होने पर चिकित्सक ने जिला अस्पताल भेज दिया। उझानी सीओ शक्ति सिंह ने बताया कि मुठभेड़ के बाद दुष्कर्म के आरोपी को गिरफ्तार किया गया है, उसके पैर में ग। इलाज के बाद आरोपी को जेल भेजा जाएगा।

### पीड़ित परिवार से मिले दुर्विजय शाक्य

**कारदचौक।** शनिवार को भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य पीड़ित परिवार के घर पहुंचे। हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। उन्होंने मौके से ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से फोन पर बात की। अधिकारियों से बात करके आरोपी की जल्द गिरफ्तारी को कहा था। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख यादवेंद्र शाक्य, आशीष शाक्य, योगेश मौर्य, रामचंद्र मौर्य आदि उपस्थित रहे। इससे पहले पूर्व सांसद डॉ. संघमित्रा मौर्य मुख्यमंत्री से मिली थीं। जिसके बाद पुलिस ने तेजी दिखाई।

### विद्यालय का ताला तोड़कर हजारों का सामान चोरी

**उघैती।** कस्बे में संविलियन विद्यालय का ताला तोड़कर चोर खेलकूद का समान एवं स्मार्ट टीवी के उपकरण चोरी कर ले गए। पुलिस ने तहरीर मिलने के बाद जांच शुरू कर दी है। प्रधानाध्यापक रविंद कुमार के मुताबिक चोरों ने शुक्रवार की रात स्मार्ट क्लास का ताला तोड़ लिया और उसमे रखी लाइब्रेरी की किताबें, गणित एवं विज्ञान किट, खेलकूद का सामान एवं एलईडी चलाने के उपकरण चोरी कर लिए है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# बाइक पर गिरा खंभा, महिला की मौत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- सूचना मिलने पर पहुंचे परिवार वाले बिना पोस्टमार्टम कराए घर ले गए शव

**अमृत विचार :** बेटे के साथ बाइक पर बैठकर बाजार जा रही महिला के ऊपर आंधी के दौरान बिजली का खंभा गिर गया। खंभे से दबकर महिला की मौत हो गई। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उनके परिजनों को सूचना दी। परिजन मौके पर पहुंचे और शव अपने साथ गांव ले गए। महिला की मौत से परिवार में कोहराम मच गया।

थाना कादरचौक क्षेत्र के गांव नूरपुर निवासी खुशीना (40) पत्नी जहांगीर शनिवार दोपहर अपने बेटे यासीन के साथ खरीदारी करने के लिए बाइक पर बैठकर बाजार जा रही थीं। बाइक पर उनके साथ गांव निवासी बालक फैजान भी बैठा था। वह कस्बा कादरचौक के पास पहुंचे। इसी दौरान तेज आंधी के साथ बारिश शुरू हो गई गई। पेड़ टूटकर सड़क पर गिर गए। इसी दौरान बिजली का एक खंभा उनकी बाइक पर गिर गया। हादसे में बाइक सवार तीनों लोग घायल हो गए। राहगीरों ने पुलिस को हादसे की सूचना दी। पुलिस तीनों घायलों को अस्पताल लेकर गई। जहां चिकित्सक ने महिला की मौत की पुष्टि कर दी। घायलों का इलाज किया। सूचना पर परिजन पहुंचे और महिला का शव गांव ले गए।


प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
- एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
- बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
- डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)

बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
- एम.एच.ए. (2 वर्षीय)
- एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) योगेन्द्र सिंह (9760578366)


# मेडिकल कॉलेज की चौथी मंजिल से कूदी महिला की मौत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- 14 जून को पुलिस ने कराया था भर्ती, शुक्रवार को चौथी मंजिल से कूदी महिला

**अमृत विचार :** राजकीय मेडिकल कॉलेज की चौथी मंजिल के मनोरोग वार्ड से छलांग लगाने वाली मानसिक मंदित महिला की इलाज के दौरान शुक्रवार रात को मौत हो गई। महिला बोल पाने में असमर्थ थी। पुलिस ने महिला का शव मोर्चरी में रखवा दिया है। उसके परिजनों के बारे में जानकारी नहीं हो पाई है।

सिविल लाइन कोतवाली पुलिस ने 14 जून को लगभग 30 साल की मानसिक मंदित महिला को जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। चिकित्सक उसका इलाज कर रहे थे लेकिन हालत में सुधार नहीं हो पा रहा था। जिसके चलते उसे रेफर किया था। महिला को राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। जहां मनोरोग वार्ड में महिला का इलाज चल रहा था। तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक गौरव विश्नोई ने महिला की देखभाल के लिए एक महिला पुलिसकर्मी को तैनात किया था। शुक्रवार को महिला बेड से उठकर खिड़की ओर जाने लगी। महिला सिपाही ने उसे रोका तो महिला ने उसे धक्का दे दिया और चौथी मंजिल की खिड़की से छलांग लगा दी। वह गंभीर रूप से घायल हो गई। महिला को राजकीय मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया लेकिन शुक्रवार देर रात महिला की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची। शव को मोर्चरी में रखवाया है। सिविल लाइन के प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई है। उसके परिजनों की जानकारी की जा रही है।


प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
- एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)


# बंटवारे में मिले मकान के विवाद में महिला को मारने की कोशिश

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- महिला के पति का शांतिभंग में किया चालान तो महिला ने एसएसपी से की थी शिकायत

**अमृत विचार :** बंटवारे के बाद भी भाइयों ने एक युवक के मकान पर कब्जा करने की कोशिश की। घर में घुसकर उसकी पत्नी पर चाकू स हमला किया और गला दबाकर जान से मारने की कोशिश की। मकान के एवज में 20 लाख रुपये की रंगदारी मांगी। महिला की तहरीर पर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली सहसवान के मोहल्ला नयागंज निवासी कुमकुम माहेश्वरी ने एसएसपी से शिकायत करके बताया कि परिवार की संपत्ति के बंटवारे में उनके पति को मोहल्ला नयागंज में रोडवेज बस अड्डा के सामने एक मकान मिला था। उसका बेटा जिले के बाहर रहकर नौकरी करता है और बेटी की शादी हो चुकी है। जिसकी वजह से उनके पति ने मकान प्रेमगंगा लोक कल्याण समिति को किराए पर उठा दिया था। रजिस्टर्ड किरायानामा भी लिखवाया था। आरोप है कि पति के भाई दीपेंद्र कुमार, ईश्वर सरन व अन्य परिजन धमकाते हैं कि मकान किराए पर उठाना है तो पहले उन्हें 20 लाख रुपये देने होंगे। आरोप है कि 15 जून को दीपेंद्र, उनकी पत्नी आदर्श, अनुराग उर्फ बिट्टू, प्रणत उर्फ मन्न व अन्य लोगों ने घर में घुसकर उसे और उसके पति अनिल कुमार उर्फ गणेश जी के साथ मारपीट शुरू कर दी। अनुराग और प्रणत ने जान से मारने की नीयत से चाकू से हमला किया और गला दबाने का प्रयास किया। आदर्श ने उनके हाथ पर काट लिया। वह लोग 20 लाख रुपये की मांग करने लगे। उसके पति को जान से मारने की धमकी दी। महिला ने पुलिस से शिकायत की तो सहसवान पुलिस ने उसके पति का शांतिभंग में चालान कर दिया। एसएसपी के आदेश पर चारों आरोपियों के खिलाफ रंगदारी मांगने, जान से मारने की कोशिश, मारपीट, जबरन घर में घुसने और धमकाने आदि के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की है।

# आनंद विहार व गरीबरथ एक्सप्रेस में बढ़ेंगी 664 बर्थ

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** गरीबरथ एक्सप्रेस में रेलवे इकोनॉमी कोच लगाएगा। इसकी वजह से ट्रेन में 664 बर्थ बढ़ जाएंगी। कोच में सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे और स्मोक डिटेक्टर भी लगाए जाएंगे। ट्रेन को नए डिजाइन की एलएचबी रैक से चलाया जाएगा और कोच भी अधिक लगाए जाएंगे ताकि यात्रियों को कंफर्म सीट मिल सके।



- ट्रेन में लगाए जाएंगे 20 इकोनॉमी कोच, एलएचबी रैक के 22 कोच से चलेगी ट्रेन
- सीसीटीवी कैमरा और स्मोक डिटेक्टर की भी ट्रेन में होगी सुविधा

पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने बताया कि 22541/22542 बनारस-आनंद विहार-बनारस गरीब रथ सुपरफास्ट एक्सप्रेस में वाराणसी से 7 जुलाई से और आनंद विहार से 8 जुलाई से एलएचबी रैक लगाई जाएगी। ट्रेन के अंदर तृतीय श्रेणी इकोनॉमी के 20 और जनरेटर और लगेज यान के दो कोच होंगे। ट्रेन को 22 कोच के साथ चलाया जाएगा। पहले ट्रेन में तृतीय श्रेणी के 12 कोच लगाए जा रहे थे। अब 20 कोच लगाए जाने से 664 अतिरिक्त बर्थ यात्रियों को मिल सकेंगी। ट्रेन को अब तक आईसीएफ कन्वेंशनल कोच की रैक से चलाया जा रहा था, जिसके प्रत्येक कोच में 78 बर्थ होती हैं, लेकिन अब एलएचबी इकोनॉमी कोच की रैक लगने से प्रत्येक कोच में 80 बर्थ मिलेंगी। यह कोच आरामदायक और सुरक्षित हैं। ट्रेन में दिव्यांगों के लिए अलग शौचालय की व्यवस्था होगी।

# दुस्साहस ऐसा...पुलिस के सामने भी चलाते रहे गोलियां

## सड़क पर लगा जाम, चुन्नू पंडित ने बिल्डर के गुर्गे पर चढ़ाई कार, टूटा पैर, मार्बल दुकान के मालिक को तेल डालकर जलाने की कोशिश

कार्यालय, बरेली

**अमृत विचार :** पीलीभीत बाईपास पर प्लॉट पर कब्जे के लिए सुबह-सुबह गोलियां चलने से पूरे इलाके में दहशत में फैल गई। रास्ते में गुजर रहे लोग दहशत में आ गए और जान बचाकर भागे। इसकी वजह से जाम भी लग गया।

करीब डेढ़ घंटे बाद इज्जतनगर पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन पुलिस के सामने ही दोनों पक्षों की ओर से गोलियां चलाते रहे। इस दौरान आदित्य उपाध्याय उर्फ चुन्नू पंडित ने राजीव राणा ग्रुप के हिस्ट्रीशीटर रोहित ठाकुर पर कार चढ़ा दी, जिससे उसका पैर टूट गया। मामले में दरोगा राजीव प्रकाश ने नौ लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कराई है तो वहीं, दूसरी तरफ चुन्नू के यहां काम करने वाले रोहित शर्मा ने पूर्व विधायक समेत 12 नामजद और 150 अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### शराब और मुर्गा पार्टी में रची गई थी कब्जे की साजिश

सूत्रों की मानें तो शुक्रवार की देर रात देहात क्षेत्र में सभी दबंगों को बुलाया गया था। जिसमें आसपास के हिस्ट्रीशीटरों और दबंगों की टीम बनाकर देर रात तक शराब पार्टी हुई। वहां से सभी एक साथ सुबह साढ़े पांच बजे प्लॉट पर कब्जा करने के लिए पहुंचे। जानकारी होते ही आदित्य उपाध्याय और अविरल दोनाली बंदूक लेकर मौके पर पहुंचे। करीब छह बजे हमलावरों ने बुलडोजर से तोड़फोड़ शुरू कर दी। सूचना पर पुलिस की एक गाड़ी मौके पर पहुंच गई लेकिन किसी पुलिसकर्मी ने हिम्मत नहीं दिखाई और गोलियां चलने लगीं। इसके बाद बुलडोजर में आग लगा दी गई। आरोपियों के जाने के बाद मौके पर पहुंची फायरब्रिगेड की टीम ने आग बुझाई।

### राजीव राणा की हिस्ट्री खंगालने में लगी पुलिस

हमला करने वाला राजीव राणा पीलीभीत बाईपास पर ही रहता है। उसका प्रापर्टी का काम है। इससे पहले भी उसके खिलाफ कई मुकदमे दर्ज हुए हैं। वह भाजपा के पूर्व विधायक राजेश मिश्रा उर्फ पप्पू भरतौल का बेहद करीबी है। उस पर कितने मामले उस पर चल रहे हैं। पुलिस उसका हिस्ट्री खंगाल रही है।

### डिवाइडर की आड़ लेकर लगातार फायरिंग कर रहा था रोहित ठाकुर

सड़क पर ताबड़तोड़ फायरिंग करने वालों पर कई मुकदमे दर्ज हैं। इनमें से कई गंभीर मामलों में जेल जा चुके हैं। रोहित पर भी कई मुकदमे दर्ज हैं। वह डिवाइडर की आड़ लेकर गोली चलाता रहा। इसके अलावा गोली चलाने वालों में रोहित राणा का छोटा भाई संजय राणा उसका साथी रोहित ठाकुर और अमित ठाकुर हैं। संजय राणा बारादरी में चिंटू मर्डर केस में जेल जा चुका है। इसके अलावा रोहित 12 साल पहले किशोर अवस्था में जेल जा चुका है।

### पूर्व विधायक समेत 162 के खिलाफ हत्या की कोशिश समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट

शीशगढ़ के गांव बैरमनगर के रहने वाले रोहित शर्मा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह शंकरा महादेवा मार्बल मालिक अभिराज और शुभम के पास नौकरी करता है। शनिवार सुबह 6 .30 पर दुकान में बैठा था कि अचानक पिस्टल, तमंचा और लाठी डंडे लेकर राजीव राणा, हरिओम, गौरी शंकर, संजय, राधे, आशीष, राजन, रोहित ठाकुर, केपी यादव, शिवम माथुर, पूर्व विधायक राजेश मिश्रा उर्फ पप्पू भरतौल अपने साथ 150 अज्ञात साथियों के साथ आ धमके और फायरिंग शुरू कर दी। विरोध पर वहां रखे गए दो लाख रुपये भी लूट लिए। बीच-बचीव करने आए अभिराज उपाध्याय और आदित्य उपाध्याय पर फायरिंग की। आदित्य उपाध्याय ने सभी को भगाने का प्रयास किया तो अभिराज पर तेल डालकर जिंदा जलाकर जान से मारने की कोशिश। इसके अलावा बुलडोजर से दुकान और प्लॉट में तोड़फोड़ की और जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। वहीं दरोगा राजीव प्रकाश ने दोनों पक्षों के राजीव राणा, रोहित ठाकुर, रोहित, संजय, राजीव राणा और उनके 22 से 25 साथी समेत आदित्य उपाध्याय, अभिराज समेत इनके कुछ अन्य साथियों पर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### एसएसपी बोले-सभी आरोपियों के खिलाफ होगी गैंगस्टर की कार्रवाई

एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान का कहना है कि फायरिंग कर शहर का माहौल खराब करने वाले दोनों पक्षों के आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। एक पक्ष की तहरीर पर और दरोगा की तरफ से दो अलग-अलग रिपोर्ट दर्ज कर ली गई हैं। सभी आरोपियों को जेल भेजा जाएगा और गैंगस्टर की कार्रवाई की जाएगी।

### इज्जतनगर के नए थाना प्रभारी बनाए गए राधेश्याम

एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने इंस्पेक्टर समेत सात पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया। इसके बाद देर शाम सीबीगंज थाना प्रभारी राधेश्याम को इज्जतनगर प्रभारी बनाया गया। जबकि सुभाषनगर थाने में तैनात क्राइम इंस्पेक्टर राजबली सिंह को सीबीगंज थाने का प्रभार दिया गया है।

सब का मालिक एक है।
दुआ भी तक़दीर बदल सकती है।
समस्या है तो समाधान भी है।
गुरु अजमेरी जी
स्पेशलिस्ट वशीकरण व मुठकरनी
घर में बरकत, कारोबार में परेशानी, गृहक्लेश सौतन व दुश्मन से छुटकारा, मन चाहा प्यार पति पत्नि में अनबन, विदेश यात्रा, किया कराया उपरी असर, जादू टोना, बीमारी में दवा का ना लगना कोर्ट कचहरी कर्ज मुक्ति, लक्ष्मी बंधन आदि
नोट : अगर किसी का पति, बेटा बेटी किसी के वश में हो तो हमसे मिलें।
सभी जगह से निराश एक बार अवश्य फोन करें या मिलें।
धोका नहीं 100% हर समस्याओं का समाधान 9720278984 बरेली

### अब गर्मी से मिल रही राहत

**पीलीभीत :** दो दिन पहले हुई बारिश के बाद से मौसम में बदलाव है। ऐसे में पिछले कई दिनों से प्रचंड गर्मी से परेशान लोग गर्मी से राहत महसूस कर रहे हैं।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

# हाईवे पर रोडवेज बस की टक्कर से बाइक सवार की मौत

संवाददाता, फरधान।

**अमृत विचार:** पीलीभीत-बस्ती नेशनल हाइवे पर शनिवार को रोडवेज बस ने सामने से आ रहे बाइक सवार को कुचल दिया, जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

गांव आधारपुर निवासी कैलास (55) बाइक से जा रहे थे। हनुमान मंदिर के पास गोला डिपो की जनरथ बस ने उनकी बाइक में सामने से टक्कर मार दी। घटना के बाद बाइक बस के नीचे फंस गई। चालक ने बस नहीं रोकी। हनुमान मंदिर पर चल रहे भंडारे में शामिल होने आए ग्रामीणों ने शोर मचाया और पुलिस को सूचना दी। तब एक किलोमीटर दूरी पर चालक बस खड़ी करके भाग निकला। हादसे की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। रोते-बिलखते परिवार के लोग भी मौके पर पहुं गए। थानाध्यक्ष कौशल किशोर ने बताया कि बस को कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।



हादसे के बाद बस के नीचे फंसी बाइक।

# रहस्यमय ढंग से लापता युवक का गन्ने के खेत में मिला शव, जांच में जुटी पुलिस

संवाददाता, धौरहरा

▸▸ शुक्रवार की सुबह घर से निकला था गोपाल, वापस नहीं लौटा

**अमृत विचार:** रहस्यमय ढंग से लापता हुए गांव गुदरिहा निवासी एक युवक का शव शनिवार को दूसरे दिन संदिग्ध हालात में गन्ने के खेत में पड़ा बरामद हुआ है। इससे उसके परिवार में चीख पुकार मच गई। शव मिलने से समूचे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिवार वालों ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा है।



गोपाल यादव (फाइल फोटो)

कोतवाली धौरहरा क्षेत्र के गांव गुदरिया निवासी गोपाल यादव (40) शुक्रवार की सुबह करीब नौ बजे घर से निकले थे। इसके बाद से वह रहस्यमय ढंग से लापता हो गए। शाम तक वापस न आने पर परिवार वालों ने उनकी काफी तलाश की। आसपास की रिश्तेदारियों में भी पता किया, लेकिन कोई पता नहीं चल सका। शनिवार की सुबह गांव के लोग खेतों की तरफ गए थे। इसी बीच उनकी नजर गन्ने के एक खेत में पड़े शव पर पड़ी। शव पड़े होने की खबर मिलते ही परिवार वालों के साथ ही तमाम ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गए। शव देख घर वालों में चीख पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। आसपास के लोगों और ग्रामीणों से भी पूछताछ की। परिवार वालों ने हत्या की आशंका जताई है और पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

प्रभारी निरीक्षक धौरहरा दिनेश सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही मौत की सही वजह पता चल सकेगी। रिपोर्ट के आधार पर ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

खबरें पढ़ें वेबसाइट :www.amritvichar.com पर

# बांकेगंज चौकी इंचार्ज व भीरा का सिपाही निलंबित

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** एसपी गणेश प्रसाद साहा ने बांकेगंज चौकी इंचार्ज कृष्ण पाल सिंह और थाना भीरा के एक सिपाही को निलंबित कर दिया है। लोकसभा चुनाव के दौरान चौकी इंचार्ज पर पीड़ितों से अभद्रता करने के आरोप लगे थे। वहीं सिपाही पर 20 हजार रुपये रिश्वत लेने के आरोप पर कार्रवाई की गई है।

बांकेगंज चौकी इंचार्ज कृष्ण पाल सिंह लोकसभा चुनाव के दौरान काफी चर्चा में रहे। उन पर चौकी पर आने वाले पीड़ित पुरुष और महिलाओं से अभद्रता करने के कई बार आरोप लगे थे। इधर दो दिन पहले थाना भीरा क्षेत्र में पुलिस ने घर की पटाई करने के लिए अपने खेत से मिट्टी निकालकर ले जा रहे एक युवक और उसके दो बेटों को पकड़कर हवालात में बंद कर दिया था। बाद में उससे 20 हजार रुपये ले लिए थे। इसके बाद तीनों को ट्रैक्टर-डनलप समेत छोड़ा था। पीड़ित ने मामले की शिकायत पलिया विधायक रोमी साहनी से की थी। विधायक ने थानाध्यक्ष पंकज त्रिपाठी को जमकर खरी खोटी सुनाई थी।

सीओ यादवेंद्र ने बताया कि प्रथम दृष्टया भीरा थाने पर तैनात सिपाही संजय और एक होमगार्ड दोषी पाए गए। सिपाही को निलंबित कर दिया गया है। होमगार्ड पर कार्रवाई के लिए कमांडेंट को पत्र लिखा गया है। उधर एसपी गणेश प्रसाद साहा ने चौकी इंचार्ज बांकेगंज के निलंबन की पुष्टि की है। एसआई पवन प्रताप सिंह को चौकी बांकेगंज का प्रभारी बनाया है।

### दो किशोरों को वाहन ने रौंदा, एक की मौत

**बेहजम।** थाना नीमगांव क्षेत्र के खंभारखेड़ा उमरपुर निवासी कृष्ण कांत पुत्र विजय कुमार(15) और जसवंत पुत्र रामसागर (13) साइकिल से क्रेशर की तरफ आए थे। वह सड़क किनारे खड़े होकर आने वाले रिश्तेदार का इंतजार कर रहे थे। इसी बीच गोला-कस्ता मार्ग पर तेज रफ्तार ज्ञात वाहन ने दोनों को टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गए। सूचना पर वहीं दूसरी ओर से एक कार इन बच्चों को बचाने के चक्कर में सड़क पर बनी पुलिया पर चढ़ गई। गनीमत रही कार सवार कोई भी हताहत नहीं हुआ है। सूचना पर परिजन और गांव वाले मौके पर पहुंच गए। दोनों घायल किशोरों को बेहजम सीएचसी लाया गया, जहां से हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिवार के लोग दोनों को जिला अस्पताल ले जा रहे थे। रास्ते में कृष्ण कांत की मौत हो गई।

### गैरहाजिर चल रहे पांच रोडवेज चालकों की संविदा समाप्त

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली रीजन में लंबे समय से गैर हाजिर चल रहे पांच चालकों की संविदा समाप्त कर दी गई है। कई बार नोटिस देने के बाद भी चालक काम पर नहीं लौट रहे थे। एआरएम ने अंतिम नोटिस देकर कार्रवाई की। बरेली और रुहेलखंड डिपो में चालक और परिचालकों की कमी है। इसके अलावा 50 से अधिक चालक और परिचालक गैरहाजिर चल रहे हैं। जिसका असर रोडवेज बसों के संचालन पर भी पड़ रहा है। गैरहाजिर चालक लगातार नोटिस देने के बाद भी काम पर नहीं लौट रहे थे। अब बरेली डिपो के दो और रुहेलखंड डिपो के तीन चालकों की सेवा समाप्त कर दी गई है। एआरएम बरेली डिपो संजीव श्रीवास्तव ने बताया कि लंबे समय से गैरहाजिर चल अन्य चालकों को भी नोटिस भेजे गए हैं।



वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
कैम्पस : वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एण्ड रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
एन.एच.-24, बन्थरा, शाहजहाँपुर, उत्तर प्रदेश-242307

| कोर्स | अवधि | योग्यता |
|---|---|---|
| एम.एस.सी. मेडिकल एनाटॉमी | 3 वर्ष | अभ्यर्थी को तीन वर्ष का स्नातक कार्यक्रम बीएससी उत्तीर्ण होना चाहिए, जिसमें 50% अंक प्राप्त हों (एससी/एसटी के लिए 45%) और जैविक विज्ञान एक विषय के रूप में हो या एमबीबीएस, बीडीएस, बीएएमएस, बीएचएमएस, बीपीटी, बी.फार्मा, बीएमएलटी, बीएमआरआईटी, बीएससी नर्सिंग में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण होना चाहिए। |
| एम.एस.सी. मेडिकल बायोकेमिस्ट्री | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. फिजियोलॉजी | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. मेडिकल माइक्रोबायोलॉजी | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. फार्माकोलॉजी | 3 वर्ष | |
| बी.एस.सी. फोरेन्सीक साइंस | 3 वर्ष | पात्रता: 10+2 (पी.सी.एम./पी.सी.बी0) |

फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एण्ड मैनेजमेंट

| कोर्स | अवधि | योग्यता |
|---|---|---|
| एम.एच.ए. (मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन) | 2 वर्ष | किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 50% अंकों के साथ स्नातक की डिग्री पूरी की हो, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए 45% अंक प्राप्त किए हों। |
| एम.पी.एच. (मास्टर इन पब्लिक हेल्थ) | 2 वर्ष | |

For Online Registration : www.vau.in, Contact No. 05842297879
E-mail : admission @vau.edu.in, info@vau.edu.in.
प्रवेश हेतु संपर्क करें
डॉ. अनिल पाल (डिप्टी रजिस्ट्रार) मो. 9956248504
डॉ. अमित सिंह (डिप्टी मेडिकल सपरिटेन्डेन्ट) मो. 7521001987

# बढ़ा दायरा...अब आईरोड एप में चार और बिंदुओं पर रिकॉर्ड होंगी सूचनाएं

अनुपम सिंह, बरेली

- सड़क निर्माण एजेंसी, मोटर एक्सीडेंट ट्रिब्यूनल और बीमा को भी किया जाएगा शामिल

**अमृत विचार :** इंटीग्रेटेड रोड एक्सीडेंट डाटाबेस यानी आईराड एप का दायरा और बढ़ा दिया गया है। अब एप में चार और बिंदुओं पर सूचनाएं रिकॉर्ड करने के लिए स्टेक होल्डर (हित धारकों) को शामिल किया गया है।

